▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 115
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

दैनिक

ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, शनिवार 07 नवम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611

'वोकल फॉर लोकल' का संदेश; सीएम ने मानसरोवर के बड़ा बाजार में की दीपावली की खरीदारी





जूम न्यूज • जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को धनतेरस पर सपरिवार मानसरोवर के किरण पथ स्थित बड़ा बाजार में दीपावली की खरीदारी की। उन्होंने स्ट्रीट वेंडर्स से मिट्टी के दीये, पूजन सामग्री, रंगोली और बंदनवार सहित स्वदेशी उत्पाद खरीदे। इस दौरान उन्होंने यूपीआई से भुगतान कर डिजिटल पेमेंट और 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री को अपने बीच खरीदारी करते देख स्थानीय दुकानदारों और आमजन में खुशी नजर आई। उन्होंने स्ट्रीट वेंडर्स, व्यापारियों और क्षेत्रवासियों को धनतेरस, छोटी दीपावली, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज की शुभकामनाएं दीं। इससे पहले बड़ा बाजार पहुंचने पर स्थानीय व्यापार मंडल की ओर से मुख्यमंत्री का स्वागत और अभिनंदन किया गया।

ब्रीफ न्यूज

16 फरवरी से सीबीएसई की 10वीं-12वीं परीक्षाएं

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं 16 फरवरी 2027 से शुरू होंगी। कक्षा 10वीं की परीक्षा 9 मार्च तक और 12वीं की परीक्षा 9 अप्रैल तक चलेगी।



इजराइल में नए पीएम का ऐलान आज होगा

तेल अवीव। इजराइल में अगला प्रधानमंत्री कौन होगा इसका ऐलान राष्ट्रपति इसाक हर्जोग आज करेंगे। सरकार बनाने के लिए 61 सासंदों का समर्थन चाहिए। गादी आइजनकोट के गठबंधन को 6 पार्टियों के 67 सांसदों ने समर्थन दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पास मात्र 46 सांसदों का समर्थन है। इस कारण माना जा रहा है कि राष्ट्रपति उन्हें सरकार बनाने का पहला मौका नहीं देंगे। इजराइल में अब तक किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। यही वजह है कि यहां हमेशा गठबंधन की सरकारें बनती रही हैं। राष्ट्रपति हर्जोग ने गुरुवार को संसद में चुनी गई सभी पार्टियों के नेताओं से बातचीत की थी।

» अंदर विशेष

▪ रेणु बाला चौहान के कहानी संग्रह 'अपराजिता' का लोकार्पण
...पढ़े पेज 2 पर

▪ 12वीं में PCM में मिले 3, 3, 4 अंक, डांस की दुनिया में बनाई पहचान
...पढ़े पेज 3 पर

भड़के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा
यह किसी भी तरह सत्ता में बने रहने की कोशिश

योजनाओं का लाभ देने के लिए आधार कार्ड की जगह मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) का इस्तेमाल करेगी केंद्र सरकार

नाम कटा तो वोट गया, वोट गया तो हक गया, यह गहरी 'साजिश'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए आधार कार्ड की जगह मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) के इस्तेमाल के केंद्र सरकार के ऐलान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे चुनावों में हेरफेर कर सत्ता में बने रहने और नागरिकों से उनके मतदान का अधिकार छीनने की गहरी साजिश करार दिया है।

राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार अब सरकारी योजनाओं का लाभ भी मतदाता सूची से जोड़ने की तैयारी कर रही है। ऐसे में जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काटे जाएंगे, वे न केवल मतदान के अधिकार से वंचित होंगे, बल्कि सरकारी योजनाओं के लाभ से भी वंचित हो सकते हैं। राहुल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह के एक भाषण का वीडियो साझा करते हुए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले को गंभीरता से समझने की जरूरत है। सरकार की यह नई व्यवस्था नागरिकों के मौलिक अधिकारों के लिए खतरा बन सकती है।


राहुल गांधी

कांग्रेस नेता का आरोप- यदि आज पंचायती राज की योजनाओं का लाभ लेने के लिए वोटर आईडी जरूरी किया जा रहा है तो कल राशन, पेंशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, छात्रवृत्ति और आरक्षण जैसी सुविधाओं को भी मतदाता पहचान पत्र से जोड़ा जा सकता है

राहुल: सरकार की यह नई व्यवस्था नागरिकों के मौलिक अधिकारों के लिए खतरा


राजीव रंजन

तो, सरकार अपनी पसंद की जनता चुनेगी

राहुल गांधी ने इसे लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बताते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में जनता सरकार नहीं चुनेगी, बल्कि सरकार अपनी पसंद की जनता तय करने लगेगी। उन्होंने कहा कि ▶▶ शेष पेज 6 पर

केंद्रीय मंत्री ने किया था नई व्यवस्था का ऐलान

दरअसल, केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने 30 अक्टूबर 2026 को एक कार्यक्रम में कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के सत्यापन को लेकर नई व्यवस्था की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि अब तक आधार नंबर के आधार पर भुगतान पाने वाले विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को आगे भुगतान प्राप्त करने के लिए बायोमीट्रिक्स और मतदाता पहचान पत्र नंबर यूज करना होगा।

प्रमुख योजनाएं, जिनमें आधार का इस्तेमाल होता है

1. **मनरेगा:** मजदूरों की पहचान और मजदूरी भुगतान के लिए आधार आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) का इस्तेमाल।
2. **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि:** किसानों के सत्यापन और किस्तों के भुगतान के लिए आधार अनिवार्य।
3. **सामाजिक सुरक्षा पेंशन:** वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन के लाभार्थियों के सत्यापन और भुगतान में आधार का उपयोग।
4. **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना:** गैस सब्सिडी सीधे बैंक खाते में भेजने के लिए आधार आधारित DBT

मोहम्मद शमी ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा
भावुक पोस्ट लिखकर किया संन्यास का ऐलान

बोले- सफेद जर्सी से विदा ले रहा हूं लेकिन इससे जुड़ी यादें हमेशा रहेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। शुक्रवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट और वीडियो संदेश के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी। लंबे समय से भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे शमी ने कहा कि वह सफेद जर्सी को अलविदा कह रहे हैं, लेकिन इससे जुड़ी यादें हमेशा उनके साथ रहेंगी। शमी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि जब पहली बार भारत की टेस्ट जर्सी पहनी थी, तब उनके मन में सिर्फ एक सपना था कि देश के लिए कुछ कर दिखाना है। टेस्ट कॅरिअर से भी काफी कुछ सीखने को मिला।

64 मैच में 229 विकेट लिए

टीम के साथियों, कोच और देशवासियों का जताया आभार

अक्टूबर में वीआरएस को मिली मंजूरी

पीसीएस अधिकारी अनुपमा सरोज ने छोड़ी नौकरी, चुनाव लड़ने की चर्चा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

डिप्टी कमिश्नर के पद पर थी तैनात



उत्तर प्रदेश में राज्य कर विभाग में डिप्टी कमिश्नर (जीएसटी) के पद पर तैनात पीसीएस अधिकारी अनुपमा सरोज सिंह ने सरकारी नौकरी छोड़ दी है। उनका स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) का प्रस्ताव शासन ने मंजूर कर लिया है। अनुपमा ने इसी साल जून में वीआरएस के लिए आवेदन किया था, जिसे अक्टूबर में स्वीकृति मिल गई। उनके नौकरी छोड़ने के बाद अब राजनीति में आने की चर्चा है।

प्रधानमंत्री मोदी से मिले क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव: दिल्ली में परिवार के साथ मुलाकात

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले। शुक्रवार को वे पत्नी देविशा, बेटी रिद्धिमा और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दिल्ली पहुंचे। इस मुलाकात में सूर्या ने 2026 टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत का गोल्ड मेडल पहना हुआ था। प्रधानमंत्री ने मेडल को हाथ में लेकर भी देखा। मुलाकात की तस्वीरें और वीडियो मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर शेयर किए। प्रधानमंत्री ने सूर्या के परिवार की एक बच्ची से भजन सुना। इसके बाद उन्होंने पोस्ट में लिखा, दीपावली के माहौल में राम और सरयू का आगमन हुआ है। इससे दीपावली का वातावरण और भी पावन एवं दिव्य हो गया है।




गहलोत बोले- राजस्थान में जो हो रहा है, उसकी हमें उम्मीद नहीं थी

हम तो आरोप लगाएंगे, वक्त बताएगा, जनता क्या जवाब देती है

जूम न्यूज • जयपुर

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने सीएम भजनलाल शर्मा के आरोपों पर तल्ख पलटवार किया है। सीएम ने कहा था कि गहलोत तिलमिला गए हैं। अब इस पर गहलोत ने पलटवार करते हुए कहा कि शिखर अग्रवाल के विला का हमने इश्यू बनाया तो सीएम क्या-क्या बोल रहे है। गहलोत ने कहा- अब वो (सीएम भजनलाल) कह रहे हैं कि आप तो तिलमिला गए, तिलमिला मैं नहीं गया। मैंने जो आरोप लगाए थे, उससे आप तिलमिला गए, इसलिए आपके मुंह से ये अनर्गल और कपोलकल्पित बातें निकल रही हैं।अपराधबोध से ग्रसित व्यक्ति ही तिलमिलाता है। उनके (सीएम भजनलाल) मुंह से जोधपुर में जो कुछ निकला वो तिलमिलाने का असर है। जयपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए गहलोत ने कहा कि शिखर अग्रवाल के विला का हमने इश्यू बनाया तो सीएम क्या-क्या बोल रहे है।



मैंने 56 साल पहले खाद, बीज की दुकान खोली थी

गहलोत ने कहा- किसी ने लिखकर दे दिया दिखता है, जो लिखकर दिया उसे आपने बोल दिया। जब आप उम्र में 5 साल के ही थे, तब मेरी दुकान का जिक्र कैसे आया? इसका जवाब भजनलाल दें। गहलोत ने कहा- मैंने पहले भी कहा था, मैंने 56 साल पहले खाद बीज की दुकान खोली थी तब भजनलाल पांच साल के थे। उस दुकान को छह महीने में बंद कर दिया था, क्योंकि मुझे छात्रसंघ का चुनाव लड़ना था। पर मैं ये पूछना चाहता हूं कि जब आप दो-तीन साल के या 5 साल के ही होंगे, तब आपको क्या मालूम पड़ा कि मैंने वहां पे क्या-क्या किया? आपने मुझ पर नकली खाद बीज के आरोप लगाए, तो इनको क्या सपना आया? ये समझ के परे है।

मुझे तो पीड़ा हो रही है क्योंकि मुझे आप (सीएम) पर विश्वास था। अगर मुझे भजनलाल पर विश्वास नहीं होता, मान लो कि इनकी प्रकृति यही होती कि कुछ भी बोलते हैं, तो फिर परवाह नहीं करते। मेरे बारे में बिना सोचे-समझे कमेंट किया इसलिए पीड़ा हुई। उन्हें माफी मांगनी चाहिए, मेरे से नहीं तो जनता से मांग लीजिए। वक्त बताएगा, जनता क्या जवाब देती है लेकिन जनता जवाब जरूर देगी। गहलोत ने कहा- हम तो आपके ऊपर आरोप लगाएंगे क्योंकि हम विपक्ष में हैं। अगर गलत है तो आप खंडन कर दो। सही है तो सुधार कर लो, विपक्ष तो बोलेगा। ये उल्टा कर रहे हैं।

सीएम भजनलाल खुद डैमेज हुए हैं, यह उनके हित में नहीं हुआ

गहलोत ने कहा- राजस्थान में जो हो रहा है उसकी उम्मीद सीएम भजनलाल से नहीं थी। आपको जिंदगी में चांस मिला है, आप लोकतंत्र का सम्मान करो और वैसा ही व्यवहार आप विपक्ष से करो लेकिन जिस प्रकार का व्यवहार इनका हुआ है, मेरे ख्याल से इनके भी इंटरेस्ट में नहीं है। जो कुछ हुआ है उसमें भजनलालजी खुद डैमेज हुए हैं, ये मैं कह सकता हूं।

360 डिग्री तकनीक से दीवारों-छत पर दिखेगी बड़ी स्क्रीन

जयपुर में बना देश का पहला स्थायी इमर्सिव डोम: यूएई-ब्राजील के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा 'स्काईडोम'

जयपुर। जयपुर के कूकस स्थित हॉस्पिटैलिटी कॉरिडोर में 'स्काईडोम' के रूप में देश का पहला स्थायी इमर्सिव इवेंट डोम शुरू किया गया है। इसकी खासियत यह है कि यहां आयोजन के दौरान केवल मंच या सामने लगी स्क्रीन ही नहीं, बल्कि पूरा गुंबद ही एक विशाल डिजिटल स्क्रीन में बदल जाएगा। 360 डिग्री प्रोजेक्शन मैपिंग तकनीक से डोम की दीवारों और छत पर ऐसे दृश्य (सीन) तैयार किए जा सकेंगे, जिनके बीच मौजूद दर्शक खुद को उसी माहौल का हिस्सा महसूस करेंगे। आईटीसी ममेंटोस रिजॉर्ट के पास स्थित इस डोम का व्यास 60 मीटर और एपेक्स यानी शीर्ष तक ऊंचाई 21 मीटर है। इसमें 30 हजार वर्ग फीट का इनडोर स्पेस और 30 हजार वर्ग फीट का आउटडोर क्षेत्र है। इसके अलावा आयोजन संचालन, तकनीकी व्यवस्था और अन्य गतिविधियों के लिए 20 हजार वर्ग फीट का बैक-ऑफ-द-हाउस स्पेस विकसित किया गया है। यहां एक साथ 2,000 से ज्यादा मेहमानों की मेजबानी की क्षमता है।



आयोजकों ने बताया कि आकार और तकनीकी विशेषताओं के लिहाज से यह यूएई और ब्राजील के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इमर्सिव डोम है। स्काईडोम की सबसे बड़ी तकनीकी विशेषता इसका 360 डिग्री इमर्सिव प्रोजेक्शन सिस्टम है।

बलूच आर्मी ने कमांडर इन चीफ को निकाला

क्वेटा। बलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) के कमांडर-इन-चीफ बशीर जेब को पद से हटा दिया गया है। बशीर जेब ने पाकिस्तान में कई बड़े हमलों की साजिश रचकर पहचान बनाई थी। बलूचिस्तान में हथियारबंद लड़ाकों के साथ बशीर जेब के वीडियो वायरल हुए तो उनकी तुलना फिल्म 'धुरंधर' के किरदार हमजा अली मजारी से होने लगी। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तानी सेना के खिलाफ नाकाम ऑपरेशन और महिला आत्मघाती हमलावरों के इस्तेमाल को लेकर संगठन में उनके खिलाफ नाराजगी बढ़ रही थी। BLA ने 3 नवंबर को प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि बशीर जेब अब संगठन के कमांडर-इन-चीफ नहीं रहेंगे। यह बयान बलूचिस्तान पोस्ट में प्रकाशित हुआ था।

रेणु बाला चौहान के कहानी संग्रह 'अपराजिता' का लोकार्पण



ज़ूम न्यूज • बीकानेर

महाराजा नरेंद्र सिंह ऑडिटोरियम में वी.आर. फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित समारोह में लेखिका रेणु बाला चौहान के कहानी संग्रह 'अपराजिता' का लोकार्पण किया गया। सोशल प्रोग्रेसिव सोसाइटी द्वारा प्रकाशित इस संग्रह का लोकार्पण साहित्यकारों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम में डॉ. नमामी शंकर आचार्य ने पत्रवाचन करते हुए कहानियों के पात्रों और उनके चरित्र चित्रण को प्रभावशाली बताया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ व्यंग्यकार बुलाकी शर्मा ने कहा कि लेखिका की कहानियां पाठकों में जिज्ञासा और संवेदनशीलता पैदा करती हैं तथा पढ़ने के बाद भी मन में कई सवाल छोड़ जाती हैं।

अध्यक्षता करते हुए गोविन्द माथुर ने साहित्य को निजी एवं सामाजिक समस्याओं की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बताया। विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र जोशी और डॉ. मेघना शर्मा ने भी संग्रह की कहानियों में मानवीय संवेदनाओं और पात्रों के अंतर्द्वंद्व के सजीव चित्रण की सराहना की। इस अवसर पर प्रकाशक एवं सोशल प्रोग्रेसिव सोसाइटी के अध्यक्ष नदीम अहमद 'नदीम' सहित संस्था के पदाधिकारियों ने लेखिका का सम्मान किया। समारोह में बड़ी संख्या में साहित्यकार, लेखक एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे। संचालन संजय श्रीमाली ने किया तथा आभार राजेन्द्र सिंह देपावत ने व्यक्त किया।

ब्रीफ न्यूज

मेहरासर चाचेरा में सरपंच बने गिरिराज व्यास, 140 वोटों से जीत दर्ज की



ज़ूम न्यूज • सरदारशहर

तहसील के ग्राम पंचायत मेहरासर चाचेरा में सरपंच चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सरपंच पद के लिए कुल पांच प्रत्याशियों ने चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमाई, जिसमें गिरिराज व्यास ने शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी टवर सिंह को 140 वोटों से हराकर सरपंच पद पर कब्जा जमाया। वहीं, उपसरपंच पद के लिए वीरेन्द्र सिंह राठौड़ का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद नवनिर्वाचित सरपंच गिरिराज व्यास और उपसरपंच वीरेन्द्र सिंह राठौड़ ने पंचायत कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान पंडित द्वारा पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दोनों को पद ग्रहण करवाया गया। गिरिराज व्यास की जीत के बाद पूरे गांव में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित सरपंच और उपसरपंच का स्वागत किया। इसके बाद गांव में जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर जीत का जश्न मनाया। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा।

छः न्याति ब्राह्मण महासंघ में धन्वंतरि जयंती मनाई, दो आयुर्वेदाचार्य सम्मानित



ज़ूम न्यूज • बीकानेर

श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ की ओर से भगवान धन्वंतरि जयंती महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर महासंघ अध्यक्ष पाराशर नारायण शर्मा, आयुर्वेद प्रकोष्ठ अध्यक्ष वैद्य ओमप्रकाश गोड़ एवं संरक्षक भंवर लाल व्यास ने भगवान धन्वंतरि का पंचोपचार पूजन किया। इसके बाद सामूहिक आरती की गई। समारोह में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए वैद्य गोविंद ओझा तथा बीकानेर आयुर्वेद महाविद्यालय की सहायक आचार्य एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ वैद्य कुसुम शर्मा को सम्मानित किया गया। कुसुम शर्मा को आयुर्वेद पद्धति से 1000 से अधिक सामान्य प्रसव करवाने और गर्भ संस्कार चिकित्सा के क्षेत्र में नवाचारों के लिए सम्मान मिला। इस दौरान वैद्य सागर शर्मा, वैद्य ईश्वर चंद्र शर्मा एवं वैद्य आत्माराम शर्मा ने आयुर्वेद के सिद्धांतों, पंचमहाभूत, वात-पित्त-कफ संतुलन और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विचार रखे। अंत में वैद्य ओमप्रकाश गोड़ ने आभार व्यक्त किया।

2500 हजार रिश्वत मामले में पटवारी को 2 वर्ष का कारावास

ज़ूम न्यूज • श्रीगंगानगर

जमीन के राजस्व रिकॉर्ड में कर्ज की सही एंट्री करवाने के बदले रिश्वत लेते 14 वर्ष पहले पकड़े गए राजस्व पटवारी को न्यायालय ने 2 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। विशेष एसीबी न्यायालय की ओर से सुनाए इस फैसले में सादुलशहर तहसील के हलका दुदाखीचड़ के तत्कालीन पटवारी हजारी राम पुत्र नानक राम निवासी गांव बनवाली को 20 हजार रुपए जुर्माने से भी दंडित किया है। एसीबी की ओर से दर्ज किए मामले के अनुसार गांव 7 बीएनडब्ल्यू के काश्तकार गुरप्रीत सिंह ने 9 जुलाई 2012 को पटवारी के खिलाफ रिश्वत की मांग का परिवाद दिया था। गुरप्रीत सिंह के अनुसार उसकी 7 बीएनडब्ल्यू में 65 बीघा कृषि भूमि है। इस पर ग्रामीण बैंक सादुलशहर से लिया कर्ज उन्होंने चुकता कर दिया।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में मीडिया की भूमिका अहमः राजेन्द्र शेखावत

ज़ूम न्यूज • चूरू



महिला अधिकारिता विभाग की ओर से शुक्रवार को जिला कार्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर मीडिया कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति की रोकथाम, जन-जागरूकता और अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में मीडिया की भूमिका पर चर्चा हुई।

महिला अधिकारिता सहायक निदेशक राजेन्द्र शेखावत ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य में बाधक है। इसके उन्मूलन के लिए प्रशासन, विभागों, मीडिया और आमजन को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने बताया कि जिले में अभियान के तहत 100 दिवसीय कार्ययोजना के अनुसार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

पीआरओ सूर्यकान्त कुमावत ने कहा कि बाल विवाह बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास से जुड़ा गंभीर विषय है। मीडिया अपनी खबरों और जनसंवाद के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। पीआरओ मनीष कुमार ने बाल विवाह रोकथाम, बालिका शिक्षा और बाल अधिकारों के संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यशाला में सुपरवाइजर कृष्णा ने सखी वन स्टॉप सेंटर, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना और शिक्षा सेतु योजना सहित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। मीडिया प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव साझा किए और बाल विवाह मुक्त चूरू एवं बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी की अपील की। इस दौरान पीआरओ सूर्यकान्त कुमावत, पीआरओ मनीष कुमार सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बीकानेर में पहली बार होगी सीनियर पुरुष राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप

12 से 14 नवंबर तक डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में 200 से अधिक मुक्केबाज लेंगे भाग

ज़ूम न्यूज • बीकानेर



बीकानेर में पहली बार सीनियर पुरुष राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन 12 से 14 नवंबर तक डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में किया जाएगा। प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को जिला कलेक्टर निशांत जैन ने किया। इस दौरान एडीएम सिटी रीना छीपा और अतिरिक्त जिला कलेक्टर मनु गर्ग भी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर ने आयोजन को बीकानेर के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ियों और राष्ट्रीय पदक विजेताओं सहित प्रदेश के प्रतिभाशाली मुक्केबाजों को देखने का अवसर मिलेगा। इससे स्थानीय उभरते खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी और शहर में बॉक्सिंग को बढ़ावा मिलेगा। आयोजन सचिव एवं बॉक्सिंग कोच राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 200 से अधिक मुक्केबाज हिस्सा लेंगे। इनमें अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलो इंडिया यूथ एवं यूनिवर्सिटी गेम्स के पदक विजेता भी शामिल होंगे।

राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चयन का मिलेगा मौका

प्रतियोगिता के विजेता मुक्केबाजों को 10वीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2026 में भाग लेने का अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 21 से 27 दिसंबर तक बिहार के पटना स्थित पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इंडोर हॉल में आयोजित होगी। इस लिहाज से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का महत्वपूर्ण मंच होगी।

सारसर की गुवाड़ में अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

चालक की गिरफ्तारी की मांग, अस्पताल के बाहर धरना

ज़ूम न्यूज • सरदारशहर

गांव सारसर की गुवाड़ में 5 नवंबर की रात खेत में बने ट्यूबवैल पर पैदल जा रहे मूलचन्द (निवासी सारसर) को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। परिजनों ने चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 6 नवंबर की सुबह शव के साथ सरदारशहर उप जिला अस्पताल के बाहर धरना शुरू कर दिया। परिजनों की ओर से पुलिस को दी गई रिपोर्ट के अनुसार मूलचन्द रात करीब 11 से 11:30 बजे घर से खेत जा रहे थे। गांव की गुवाड़ में जगदीश और प्रदीप सारण के घर के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि वाहन का टायर उनके सिर और गर्दन के ऊपर से निकल गया। ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

चालक की गिरफ्तारी तक पोस्टमार्टम नहीं कराने की मांगः परिजनों का कहना है कि जब तक पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक का पता लगाकर गिरफ्तारी नहीं करती, तब तक वे पोस्टमार्टम नहीं करवाएंगे और अंतिम संस्कार भी नहीं करेंगे। मृतक के परिजन बाबूलाल ने 6 नवंबर को सरदारशहर थाने में रिपोर्ट देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। परिजनों ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसएसी-एसटी आयोग जयपुर और मुख्यमंत्री कार्यालय को भी मामले की सूचना भेजी है।

पूर्व सैनिकों की विधायक राजेंद्र भांबू से शिष्टाचार भेंट

ज़ूम न्यूज • झुंझुनूं

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी और अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जयपुर के प्रांत अध्यक्ष एयर कमोडोर चंद्रमौली ने दो दिवसीय झुंझुनूं प्रवास के दौरान विधायक राजेंद्र भांबू से शिष्टाचार मुलाकात की। परिषद की गतिविधियों से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई।


जयपुर में रावत मिष्ठान भंडार के दो प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई, 36 तरह की अवधिपार सामग्री नष्ट; बिना लाइसेंस रेस्टोरेंट बंद



ज़ूम न्यूज • जयपुर

'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जयपुर में रावत मिष्ठान भंडार के अजमेर रोड और नारायण सिंह सर्किल स्थित दो प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा और साफ-सफाई से जुड़ी कई अनियमितताएं मिलीं। टीम ने तीन खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए लिए और करीब 36 प्रकार की अवधिपार एवं अखाद्य सामग्री नष्ट करवाई।

मिठाइयों पर पैकिंग और एक्सपायरी तारीख नहीं मिलीः अजमेर रोड स्थित प्रतिष्ठान पर पैक्ड मिठाइयों पर पैकिंग और एक्सपायरी तारीख सहित जरूरी जानकारी अंकित नहीं थी। बेकरी काउंटर के नीचे मृत कॉकरोच और मक्खियां मिलीं। निर्माण क्षेत्र में गंदगी और खाद्य अवशेष भी पाए गए। इसके अलावा राज कचौरी और दही पूरी अखबार पर परोसी जा रही थीं। कोल्ड स्टोरेज में रखी कुछ चॉकलेट में जीवित और मृत कीट भी मिले।





बिना लाइसेंस चल रहा था रेस्टोरेंटः नारायण सिंह सर्किल स्थित प्रतिष्ठान पर रेस्टोरेंट बिना वैध खाद्य लाइसेंस के संचालित पाया गया। यहां पिज्जा टॉपिंग, ब्रेड, पाव, फ्रूट कॉकटेल, बेबी कॉर्न, सॉस, क्रीम सहित कई अवधिपार सामग्री मिली, जिनका उपयोग खाद्य पदार्थ बनाने में किया जा रहा था। लाइसेंस के बिना खाद्य पदार्थों की री-पैकिंग और समोसा-कचौरी निर्माण की गतिविधियां भी सामने आईं। इस पर टीम ने रेस्टोरेंट तत्काल बंद करवा दिया और वैध लाइसेंस मिलने तक संचालन नहीं करने के निर्देश दिए। विभाग ने दोनों प्रतिष्ठानों को मिली अनियमितताओं के संबंध में सुधार सूचना जारी करने की बात कही है। साथ ही खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों के अनुसार मिलावट और खाद्य सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ अभियान के तहत कार्रवाई जारी रहेगी।

मोहाली में हॉकी राजस्थान अध्यक्ष महिपाल सिंह निम्बाड़ा का स्वागत






ज़ूम न्यूज़ • जयपुर। मोहाली में आयोजित हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी पंजाब 2026 के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष माननीय महिपाल सिंह निम्बाड़ा एवं हॉकी राजस्थान के पदाधिकारियों तथा हॉकी इंडिया से जुड़े समस्त राज्यों के प्रतिनिधियों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे राजस्थान प्रदेश, यहां की खेल प्रतिभाओं और हॉकी के प्रति समर्पित हर कार्यकर्ता का सम्मान है। इस अवसर पर निम्बाडा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि पंजाब सरकार द्वारा हॉकी को दिया जा रहा प्रोत्साहन पूरे देश के लिए प्रेरणादायी है। राजस्थान भी हॉकी के विकास में इसी प्रकार निरंतर अग्रसर रहेगा।

ब्रीफ न्यूज

टांटिया यूनिवर्सिटी के वेटरनरी कॉलेज में पीजी आरंभ



ज़ूम न्यूज • श्रीगंगानगर

टांटिया विश्वविद्यालय पशु चिकित्सा विज्ञान संकाय श्रीगंगानगर वेटरनरी कॉलेज में एम.वी.एससी. डिग्री प्रोग्राम के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो गई है। निजी क्षेत्र में देश की यह पहली यूनिवर्सिटी है, जिसके वेटरनरी कॉलेज में पीजी डिग्री प्रोग्राम आरंभ किया गया है। डीन डॉ. पीएस बराड़ ने बताया कि सत्र 2026-27 में सोलह विषयों में पीजी प्रवेश के लिए एंट्रेस (वेटरनरी साइंस) के आवेदन आमंत्रित किए गए है। इसके लिए अंतिम तिथि 16 नवंबर है और एंट्रेस एग्जाम 25 नवंबर को करवाया जाएगा। विद्यार्थी वेटरनरी एनाटॉमी, वेटरनरी फिजियोलॉजी, लाइवस्टॉक्स प्रोडक्शन मैनेजमेंट, वेटरनरी माइक्रो बायोलॉजी, वेटरनरी पैथोलॉजी, एनिमल जेनेटिक्स एंड ब्रिडिंग, एनिमल न्यूट्रिशन, वेटरनरी बायोकमेस्ट्री, वेटरनरी फार्माकोलॉजी, वेटरनरी पब्लिक हेल्थ एंड इम्पीडेमियोलॉजी, वेटरनरी पेरास्टियोलॉजी, लाइवस्टॉक्स प्रोडक्ट्स एंड टेक्नोलॉजी, वेटरनरी एंड एनिमल हसबैंडरी एक्सटेंशन एजुकेशन, वेटरनरी सर्जरी एंड रेडियोलॉजी, वेटरनरी मेडिसिन और वेटरनरी गायनेकोलॉजी एंड ओब्सटेट्रीक्स में पीजी कर सकते हैं।

वेटरनरी पीजी शुरू करने वाला देश में पहला निजी विवि

बाड़मेर SP ने बाजारों में पैदल घूमकर देखी व्यवस्था

ज़ूम न्यूज • बाड़मेर

बाड़मेर के बाजारों में धनतेरस पर शुक्रवार को खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। बाजारों और सड़कों पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्ट कर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया। एसपी चूनाराम जाट ने खुद पैदल घूमकर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद आदर्श स्टेडियम पहुंचकर पटाखा बाजार के इंतजाम देखे। शहर में पटाखों की 28 स्थाई और 97 अस्थाई दुकानों को लाइसेंस जारी किए गए हैं। धनतेरस, दीपावली और भाई दूज पर बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ गई है। शहर के कई इलाकों में भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाम और लोगों की परेशानी से बचने के लिए ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। पुलिस ने त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी जरूरी इंतजाम किए हैं।

हेड पोस्ट ऑफिस के पास हमला: नशा बेचने का विरोध किया तो हत्या

ज़ूम न्यूज • बीकानेर

फड़बाजार में शेखों का मोहल्ला क्षेत्र के लोगों ने नशा बेचने वालों का विरोध किया तो उन्होंने रंजिश पाल ली। पहले मोहल्ले के लोगों को धमकियां दी और उसके बाद हेड पोस्ट ऑफिस के पास घात लगाकर बैठे बदमाशों ने एक युवक पर चाकू और धारदार हथियारों से हमला कर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए जिन्हें पुलिस तलाश रही है। फड़बाजार में शेखों का मोहल्ला और उसके आसपास आपराधिक प्रवृत्ति के लोग लंबे समय से नशे की खरीद-फरोख्त कर रहे हैं। मोहल्ले के लोगों ने इसका विरोध और शिकायत की तो नशे बेचने वाले रंजिश रखने लगे और मोहल्ले के लोगों को धमकाने लगे। पिछले दिनों नशा बेचने वाले लोगों और मोहल्लेवासियों में मारपीट हो गई थी। इस दौरान एक युवक मोहल्लेवासियों के हत्थे चढ़ गया और उसकी पिटाई हो गई। उसके बाद से नशा बेचने वाले गिरोह के बदमाश बदला लेने की नीयत से मौके की तलाश में रहने लगे। गुरुवार की रात को मोहल्ले में रहने वाला 34 साल का अकरम और शहजाद हेड पोस्ट ऑफिस के पास पान की दुकान पर गुटखा लेने जा रहे थे। इस दौरान घात लगाकर बैठे बदमाशों ने चाकू, धारदार हथियारों से अकरम पर हमला कर दिया। वारदात में घायल होने पर अकरम को लहूलुहान हालत में छोड़कर हमलावर फरार हो गए। अकरम को पीबीएम के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया जहां उसका इलाज शुरू किया। शुक्रवार को सुबह करीब 4 बजे उसने दम तोड़ दिया। अकरम के चचेरे भाई सदीक की ओर से कोटगेट थाना पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि अकरम को रास्ते में रोककर शोहेब, ताहिर, अख्तर उर्फ बाबूड़ी, शाकिर उर्फ हैप्पी, सोयल पठान उर्फ भोमा, बिलाल निवासी रामपुरा बस्ती, गोतमबाबा, राजअली निवासी करमीसर, इब्राहिम चौहान, दानिश भाटी व उनके साथ चार-पांच अन्य ने चाकुओं से अकरम के कूल्हे, जांघ, पैरों व शरीर के अन्य हिस्सों पर ताबड़तोड़ वार किए और मारपीट की। अकरम की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। एसएचओ विक्रम तिवाड़ी ने बताया कि हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। ताहिर को डिटेन किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में उनके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

सफलता की कहानी: बृजेश परमार, गांव- गोयली (सिरोही)

12वीं में PCM में मिले 3, 3, 4 अंक, डांस की दुनिया में बनाई पहचान; अब पहले प्रयास में आरएएस, दूसरे में बने डीएसपी

ज़ूम न्यूज • सिरोही

असफलता किसी व्यक्ति की प्रतिभा का अंतिम प्रमाण नहीं होती, बल्कि कई बार वह जीवन की नई शुरुआत का रास्ता बनती है। जिले के गोयली गांव के बृजेश परमार की कहानी इसका प्रेरक उदाहरण है। कभी 12वीं की विज्ञान संकाय की परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और गणित में क्रमशः महज 3, 3 और 4 अंक हासिल करने वाले बृजेश ने अपनी मेहनत, जिज्ञासा और दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) की परीक्षा पहले ही प्रयास में पास कर ली। इसके बाद दूसरे प्रयास में भी आरएएस-2024 परीक्षा में सफलता हासिल कर डीएसपी पद प्राप्त किया। नृत्य की दुनिया से प्रशासनिक सेवा तक पहुंचने वाले बृजेश का सफर आज उन युवाओं के लिए उम्मीद की किरण बन गया है, जो असफलताओं के कारण खुद पर भरोसा खो देते हैं। बृजेश परमार मूल रूप से सिरोही जिले के गोयली गांव के निवासी हैं। वर्ष 2011 से उनका परिवार कोटा में रह रहा है। उनके पिता सीआईएसएफ में एएसआई के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। पिता की नौकरी में अखिल भारतीय स्तर पर तबादले होते रहने के कारण उन्हें बचपन में परिवार के साथ अधिक समय बिताने का अवसर नहीं मिल पाया।

बृजेश बचपन से पढ़ाई में अच्छे और रचनात्मक सोच वाले विद्यार्थी थे। उनमें सवाल पूछने और नई चीजें जानने की जिज्ञासा थी। हालांकि, आगे की पढ़ाई और करियर के चयन को लेकर उन्हें उचित मार्गदर्शन नहीं मिल सका। उन्हें यह तक स्पष्ट जानकारी नहीं थी कि 11वीं कक्षा में अलग-अलग संकायों का चयन करना होता है और प्रत्येक संकाय के अपने विषय तथा करियर की संभावनाएं होती हैं। इसी असमंजस में उन्होंने दूसरे विद्यार्थियों को देखकर विज्ञान संकाय में गणित विषयों के साथ प्रवेश ले लिया। विषयों को समझने में परेशानी होने लगी। धीरे-धीरे बेचैनी और निराशा बढ़ती गई और अंततः वे 12वीं की परीक्षा में असफल हो गए। विज्ञान के तीन प्रमुख विषयों में बेहद कम अंक मिलने से उनका आत्मविश्वास भी डगमगा गया।

पढ़ाई से टूटा भरोसा, स्नातक में हुए असफल

12वीं में असफल होने के बाद बृजेश ने कला संकाय से पढ़ाई शुरू की, लेकिन तब तक पढ़ाई के प्रति उनका रुझान कमजोर पड़ चुका था। वे मानने लगे थे कि पढ़ाई उनके लिए नहीं है। यह सोच उनकी उस समय की निराशा का परिणाम थी, न कि उनकी वास्तविक क्षमता का। स्नातक के प्रथम वर्ष में भी उनकी स्थिति नहीं सुधरी। परीक्षा के दौरान वे कई बार आधे घंटे में ही उत्तर पुस्तिका खाली छोड़कर बाहर आ जाते थे। परीक्षा कक्ष में उन्हें घुटन महसूस होती थी और पढ़ाई से दूरी बढ़ती जा रही थी। परिणामस्वरूप वे बीए प्रथम वर्ष में भी असफल हो गए। एक समय ऐसा भी आया, जब उन्होंने पढ़ाई छोड़ने का मन बना लिया था। हालांकि, एक शिक्षक की सलाह पर उन्होंने कम से कम स्नातक की डिग्री पूरी करने का निर्णय लिया। उस दौर में शायद उन्हें भी अंदाजा नहीं था कि आगे चलकर यही व्यक्ति राजस्थान की प्रतिष्ठित प्रशासनिक सेवा परीक्षा में सफलता हासिल करेगा।

लॉकडाउन ने बदली जिंदगी की दिशा

बृजेश के जीवन में अगला बड़ा मोड़ कोरोना महामारी के दौरान आए लॉकडाउन से आया। परिस्थितियों के चलते उन्हें वापस घर लौटना पड़ा। इसी दौरान यूट्यूब पर वीडियो देखते हुए उनकी नजर आईएएस और आरएएस अधिकारियों तथा सिविल सेवा परीक्षाओं से संबंधित सामग्री पर पड़ी। उन्होंने इन परीक्षाओं के बारे में जानना शुरू किया। प्रशासनिक सेवा, अधिकारियों की भूमिका और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़े वीडियो देखने के बाद उनके भीतर फिर से पढ़ने की इच्छा जागी। जिस पढ़ाई से वे कभी दूर भागते थे, वही अब उन्हें एक नया लक्ष्य देने लगी। बृजेश ने 19 अप्रैल 2022 से आरएएस परीक्षा की तैयारी शुरू की। यह उनके जीवन का निर्णायक मोड़ था। उन्होंने अपने लक्ष्य को गंभीरता से लिया और वर्ष 2022 से 2025 तक तैयारी के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया। इस अवधि में वे घर से बाहर निकलने और अन्य गतिविधियों में समय देने से बचते हुए अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करते रहे। निरंतर मेहनत का असर दिखाई देने लगा। कोचिंग में वे अपने बैच के टॉपर बने। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उन्हें विश्वास होने लगा कि सही दिशा, अनुशासन और निरंतर प्रयास से वे भी इस परीक्षा में सफल हो सकते हैं।

पहले प्रयास में RAS और दूसरे में डीएसपी

बृजेश की मेहनत आखिरकार रंग लाई। उन्होंने अपने पहले प्रयास में आरएएस-2023 परीक्षा में सफलता हासिल की और वर्तमान में सहकारिता विभाग में आरएएस अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। इसके बाद उन्होंने दूसरे प्रयास में आरएएस-2024 परीक्षा भी पास की और इस बार उन्हें पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) का पद मिला। उनकी यह उपलब्धि इसलिए खास है, क्योंकि उनका सफर किसी एक क्षेत्र में मिली सफलता से दूसरे क्षेत्र में जाने भर की कहानी नहीं है। यह उस मानसिक संघर्ष से उबरने की कहानी है, जिसमें एक युवा अपनी शुरुआती असफलताओं को अपनी पूरी जिंदगी की पहचान मान बैठा था। बृजेश ने अपनी रुचि को पहचाना, नृत्य में करियर बनाया और बाद में नए लक्ष्य के साथ पढ़ाई की दुनिया में वापसी की।

निरंतर प्रयास, जिज्ञासा ही सफलता की कुंजी

बृजेश का मानना है कि व्यक्ति को निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए और अपने भीतर सवाल पूछने तथा नई चीजें सीखने की जिज्ञासा बनाए रखनी चाहिए। उनके अनुसार, कोई भी व्यक्ति कम नहीं होता। जब उसके भीतर ज्ञान और समझ का दीपक जलता है, तो वह अपनी क्षमताओं को पहचानकर जीवन में नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है।

डांस के जुनून ने दिखाई नई राह

पढ़ाई में लगातार मिली असफलताओं के बीच बृजेश की रुचि नृत्य में बनी रही। बचपन से ही उन्हें डांस का शौक था। उन्होंने इसे केवल मनोरंजन तक सीमित रखने के बजाय अपना पेशा बनाने का फैसला किया और पेशेवर प्रशिक्षण के लिए दिल्ली चले गए। दिल्ली में उन्होंने मास्टर एश्ले लोबो की डांस कंपनी 'द डांसवॉक्स' से प्रोफेशनल डांस सर्टिफिकेशन कोर्स (पीडीसीपी) किया। इस दौरान उन्होंने कंटेम्परी, जैज, बैले और मॉडर्न डांस की बारीकियां सीखीं। उन्हें अमेरिका, जर्मनी, इटली, इजराइल और मैक्सिको सहित विभिन्न देशों के कोरियोग्राफरों के साथ काम करने का अनुभव भी मिला। उनकी प्रतिभा और मेहनत ने उन्हें आगे बढ़ने के अवसर दिए। उनका चयन 'नवधारा इंडिया डांस थिएटर' (एनआईडीटी) में हुआ, जिसके माध्यम से उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुति देने वाली डांस कंपनी के साथ काम करने का अवसर मिला। ***इसके बाद वे प्रसिद्ध डांसर और कोरियोग्राफर शक्ति मोहन की टीम में भी चयनित हुए। इस दौरान उन्हें बॉलीवुड में काम करने तथा फिल्मी कलाकारों और कोरियोग्राफरों के साथ जुड़ने का मौका मिला। एक समय जो युवक खुद को पढ़ाई के लायक नहीं समझता था, वह अब अपनी कला के दम पर एक अलग पहचान बना रहा था।***



युवाओं के लिए उम्मीद की मिसाल

बृजेश परमार की कहानी सामने आने के बाद कई युवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को प्रेरणा मिली है। जो विद्यार्थी अपनी पिछली असफलताओं के कारण खुद को कमजोर मानते हैं, उनके लिए बृजेश का सफर यह संदेश देता है कि परीक्षा में कम अंक आना किसी व्यक्ति की बुद्धिमत्ता या भविष्य की संभावनाओं का अंतिम फैसला नहीं है। उनकी कहानी को लोग '12वीं फेल पार्ट-2' के रूप में भी देख रहे हैं। हालांकि, इस सफर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि बृजेश ने अपनी रुचि के क्षेत्र में काम करते हुए अनुभव हासिल किया और फिर अपनी जिंदगी को एक नई दिशा दी। उन्होंने यह साबित किया कि करियर का रास्ता हमेशा सीधा नहीं होता और सही समय पर अपने लक्ष्य को पहचान लेना भी सफलता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ***गोयली गांव से निकलकर डांस की दुनिया में पहचान बनाने और फिर राजस्थान प्रशासनिक सेवा में सफलता हासिल करने वाले बृजेश परमार का सफर यही संदेश देता है कि शुरुआती असफलताओं को जीवन का अंतिम पड़ाव नहीं मानना चाहिए। परिस्थितियां बदल सकती हैं, रुचियां नई दिशा दे सकती हैं और लगातार प्रयास करने वाला व्यक्ति अपनी जिंदगी की कहानी खुद लिख सकता है।***

जोधपुर पोलो सीजन 4 से, 5 टूर्नामेंट व 9 वनडे प्रदर्शन मैच

ज़ूम न्यूज • जोधपुर

पोलो एवं इक्वेस्ट्रियन इंस्टीट्यूट जोधपुर के तत्वावधान में 27वां जोधपुर पोलो सीजन 4 से 31 दिसंबर तक पोलो ग्राउंड में होगा। मैच दोपहर 3 बजे से खेले जाएंगे। 15 दिसंबर से मुकाबलों का दूसरा चरण शुरू होगा। इसमें 5 प्रमुख टूर्नामेंट और 9 वन डे एग्जीबिशन मैच होंगे। नाथावत ने बताया, टूर्नामेंट में लो गोल टूर्नामेंट, उम्मेद भवन पैलेस कप, एचएच महाराजा ऑफ जोधपुर कप, राजपूताना एंड सेंट्रल इंडिया कप व महाराजा ऑफ जोधपुर गोल्डन जुबली कप हैं। एग्जीबिशन मुकाबलों में महाराजा सरदार सिंह कप, मेजर ठाकुर सरदार सिंह जसोल मेमोरियल कप, इंडियन एयरफोर्स लोंगेवाला पोलो कप होंगे। इसी तरह 23 दिसंबर को आर्मी कमांडर्स कप होगा।

82 किलो अवैध डोडा पोस्त जब्त, 4 तस्कर गिरफ्तार

पुलिस ने 6 फर्जी नंबर प्लेट की बरामद; दो जगह की कार्रवाई

ज़ूम न्यूज • जोधपुर

जोधपुर ग्रामीण पुलिस ने एक दिन में दो कार्रवाई करते हुए 82.81 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया। स्पेशल सेल और बिलाड़ा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने दो अलग-अलग ऑपरेशन में दो कारों को जब्त कर चार तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए मादक पदार्थ की तस्करी के लिए वैन्यू और ब्रेजा कार का इस्तेमाल किया जा रहा था। दूसरी कार से छह अलग-अलग नंबरों की फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद हुई हैं। जिला पुलिस अधीक्षक पंकज यादव के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। कॉन्स्टेबल सेठाराम की मुखबिर सूचना पर नाकाबंदी की।



पहली कार्रवाई में पुलिस ने काले रंग की वैन्यू कार को रुकवाने का प्रयास किया तो ड्राइवर ने नाकाबंदी देखकर कार वापस घुमाने की कोशिश की। पुलिस टीम ने कार को डिटेन कर तलाशी ली तो उसमें 42.850 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त मिला। कार में सवार राकेश जाट निवासी डांगियावास और लिखमाराम विश्नोई निवासी लूणी को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने ब्रेजा कार को रुकवाकर तलाशी ली। कार से 39.96 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त और छह अलग-अलग नंबरों की फर्जी नंबर प्लेट बरामद हुई। इस मामले में हड़मान विश्नोई और महेंद्र विश्नोई निवासी कल्याणपुर जिला बालोतरा को गिरफ्तार किया गया। दोनों कार्रवाइयों में 82.81 किलोग्राम डोडा पोस्त, दो कारें और छह फर्जी नंबर प्लेट जब्त की गई हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत बिलाड़ा थाने में अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं। पुलिस आरोपियों से मादक पदार्थों के सप्लायर से लेकर तस्करी नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

जोजरी में अवैध खनन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त; 3 दिन में बनेगी SIT

ज़ूम न्यूज • जोधपुर

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान की जोजरी, बांडी और लूनी नदियों में बढ़ते प्रदूषण और अवैध खनन को लेकर ऐतिहासिक आदेश जारी किया है। कोर्ट ने कहा है कि करीब 20 लाख लोगों की जिंदगी खतरे में है और अब सिर्फ कागजी कार्रवाई से काम नहीं चलेगा, जमीन पर असर दिखना चाहिए। जस्टिस विक्रमनाथ व जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सख्त आदेश पारित करते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सबसे पहले नई फैक्ट्रियों पर रोक लागने के निर्देश जारी करते हुए कहा कि जब तक नदियों की हाईफ्लड लाइन और बफर जोन वैज्ञानिक तरीके से तय नहीं हो जाते, तब तक नदियों के पास कोई नई औद्योगिक इकाई लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। राज्य सरकार के जल संसाधन विभाग ने सीवेज के बहाव के आधार पर नदियों की चौड़ाई घटाने की कोशिश की थी। कोर्ट ने इसे गलत और भ्रामक बताया। कमेटी ने बताया कि बालोतरा में लूनी नदी की दर्ज चौड़ाई को घटाकर सिर्फ 8 मीटर करने की कोशिश हो रही थी। कोर्ट ने साफ कहा नदी को नाला नहीं बनने दिया जाएगा। अब नदियों की सीमा राजस्व विभाग और जल संसाधन विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार ही मानी जाएगी। इसके दोनों तरफ 100 मीटर का अतिरिक्त सुरक्षा क्षेत्र होगा और 500 मीटर के दायरे में कोई भी रेड कैटेगरी उद्योग नहीं लगेगा। अवैध बजरी खनन की जांच के लिए 3 दिन के अंदर एसआईटी बनाने का आदेश दिया गया है। एसआईटी का नेतृत्व आईजी रैंक के अधिकारी करेंगे, जिसमें जोधपुर, बालोतरा और पाली के एसपी शामिल होंगे। एसआईटी यह जांच करेगी कि अवैध खनन के पीछे कौन लोग, नेटवर्क और फायदे उठाने वाले हैं, और क्या इसमें सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत है। कोर्ट ने खान विभाग को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि जहां पहले अवैध खनन पकड़ा गया, वहां बाद में पट्टा दे देना उसे वैध नहीं बनाता। यह अवैध काम को बाद में वैध ठहराने जैसा है। कोर्ट ने ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर विचार करने की बात कही। कानाणा गांव, पचपदरा (बालोतरा) में 458.6 हेक्टेयर में फैले 5 खनन प्लॉटों का भी जिक्र किया गया, जो करीब 8.1 किमी नदी तल को प्रभावित कर रहे हैं। बालोतरा ब्लॉक 1990 के दशक से ही डार्क जोन / ओवर-एक्सप्लॉइटेड घोषित है। कोर्ट ने केंद्रीय भूजल प्राधिकरण को मामले में पक्षकार बनाया है। सीजीडब्ल्यूए को जोधपुर, बालोतरा और पाली में भूजल की स्थिति पर हलफनामा देना होगा। राज्य सरकार को जेडएलडी प्लांट लगाने के लिए वित्तीय सहायता की नीति बनाने को कहा गया है। तब तक, आवेदन पर केस-टू-केस आधार पर जल्द फैसला लिया जाए। जोधपुर के सांगरिया सीईटीपी पर शत प्रतिशत का लक्ष्य रखा गया है। अवैध खनन की गुमनाम शिकायत के लिए सिस्टम बनाने का निर्देश दिया गया है, ताकि शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रहे और समय पर कार्रवाई हो। मामले की अगली सुनवाई 27 नवंबर 2026 को होगी। कोर्ट ने वरिष्ठ वकील बलवीर सिंह को एमिकस क्यूरी नियुक्त किया है।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से साकार हुई लोक संस्कृति, सफाई मित्रों का किया सम्मान



ज़ूम न्यूज • चूरू

नगर परिषद, चूरू की तरफ से दीपोत्सव को लेकर गुरुवार रात जिला मुख्यालय स्थित चूरू चौपाटी में सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह हुआ। टेलेंटस विला टीम, चूरू के नेतृत्व में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों की प्रस्तुतियों से लोक संस्कृति साकार हो गई। खुशी पंवार ने अतिथियों का तिलकार्चन किया। विशाखा सोनगरा व दृष्टि खत्री ने युगल नृत्य की प्रस्तुति दी। राधा-कृष्ण बनी सोनू हटवाल व सिमरन का युगल नृत्य और ज्योति पंवार व निरुल शर्मा के एकल नृत्य की खूब तालिया बटौरी। बजरंग कत्थक, लीलाधर कत्थक, मेघांत चौहान व राहुल कांगड़ा ने गायन की प्रस्तुति दी। परिधि गौड़, भाव्या नेहरा, अदिति शर्मा, प्राही खेमका, रावी शर्मा, सानवी सिंह व खुशी तंवर ने हनुमान चालीसा पाठ की नृत्य प्रस्तुति देकर मंत्रमुग्ध कर दिया। आदित्य सोनगरा, हर्षित, रोहिताश स्वामी, मनीष शर्मा व भरत ने गेम्स की एक्टिविटी करवाई। विधायक हरलाल सहारण की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ थे। विशिष्ट अतिथि चांद कंवर राठौड़, कनिका सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, ओम सारस्वत, पदम सिंह राठौड़, फतेहचंद सोती, डॉ.वासुदेव चावला, उप सभापति ओमप्रकाश इंदौरिया, पार्षद विमला गढ़वाल थे। अतिथियों ने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में योगदान देने वाले नगर परिषद के स्वच्छता सेनानियों को सम्मानित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वालों को भी सम्मानित किया गया। आयुक्त अभिलाषा सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा पेश की। एक्सईएन वेदपाल सिंह, आरओ सुरेश चौहान, एईएन सुनील कुमार सोनी, इरफान अली ने अतिथियों का स्वागत किया।

ब्रीफ न्यूज

जयपुर में पुलिस कमिश्नर का पैदल मार्च: सुरक्षा व्यवस्था जांचीं



ज़ूम न्यूज • जयपुर

दीपोत्सव पर जयपुर में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसी के तहत जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शुक्रवार शाम साढ़े 7 बजे शहर के प्रमुख बाजारों में पैदल मार्च कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। इस दौरान डीसीपी नॉर्थ करण शर्मा सहित पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद रहे। पुलिस कमिश्नर ने बड़ी चौपड़ से पैदल मार्च शुरू किया। इसके बाद जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट सहित वॉल सिटी के प्रमुख बाजारों में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था देखी। उन्होंने बाजारों में पुलिस जाब्ते की तैनाती और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा- दीपोत्सव को देखते हुए पूरे जयपुर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। खासकर वॉल सिटी में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि बाजारों में भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने के लिए डायवर्जन किया गया है। जरूरत पड़ने पर अन्य स्थानों पर भी ट्रैफिक डायवर्ट किया जा सकता है।

राजस्थान में धनतेरस पर 15 हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार

ज़ूम न्यूज • जयपुर

राजस्थान में धनतेरस पर शुक्रवार को 15 हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ। लोगों ने सोना-चांदी, गाड़ियां और इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम की खरीदारी की। जयपुर में सुबह ही मोती डूंगरी गणेश मंदिर के बाहर पूजन के लिए नई गाड़ियों की लाइनें लग गई थी। दोपहर में इतनी गाड़ियां पहुंची,जिससे 1 किमी. लंबा जाम लग गया था। बीकानेर के नोखा में शोरूम से एक ही दिन में 300 बाइक बिकी थी। जोधपुर में लोगों ने चांदी के हाथी, उल्लू, मछली और छिपकली खरीदी। चित्तौड़गढ़, पाली सहित कई जिलों में परंपरानुसार मिट्टी पूजन किया गया। जोधपुर के जालोरी गेट पर दीपावली पर्व को लेकर रोशनी की गई है। जालोरी गेट चौराहे से चौपासनी रोड पर सड़क के दोनों तरफ लाइट लगाई गई हैं। सड़क के डिवाइडर पर बटरफ्लाई और फ्रेम की लाइटिंग की गई है।

जयपुर सीएमएचओ डॉ. मनीष मित्तल को एपीओ किया

ज़ूम न्यूज • जयपुर

स्वास्थ्य विभाग ने जयपुर सीएमएचओ सेकंड डॉ. मनीष मित्तल को एपीओ कर दिया। एपीओ के दौरान सीएमचओ को अपनी उपस्थिति स्वास्थ्य निदेशालय में देनी होंगी। पिछले दिनों केसर स्वीट्स पर कार्रवाई में देरी करने के मामले पर स्वास्थ्य विभाग ने ये एक्शन लिया है। दरअसल दुर्गापुरा स्थित केसर स्वीट्स से सीएमएचओ टीम ने दुर्गापुरा से जेएलएन मार्ग जाने वाले एसएल मार्ग स्थित केसर स्वीट्स पर 24 अगस्त को छापा मारा था। इस दौरान काजू कतली सहित कई मिठाइयों के सैंपल लेकर जांच करवाई थी, जिसमें काजू कतली का सैंपल अनसेफ मिला था। इसके बावजूद भी सीएमएचओ ने इस प्रकरण को करीब डेढ़ माह तक दबाए रखा और केसर स्वीट्स पर कोई एक्शन नहीं लिया। मामला मीडिया में आने के बाद 26 अक्टूबर को दुकान का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया था। इसके बाद भी दुकान से मिठाइयां बेची जा रही थी। दुकान का फूड लाइसेंस सस्पेंड होने के बाद मिठाई बेचने की शिकायत स्वास्थ्य मंत्री के स्तर पर हुई तो फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट हरकत में आया और सीएमएचओ जयपुर को मामले पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



ओम बिरला के OSD को धमकी मामला-हाईकोर्ट ने मांगी तथ्यात्मक रिपोर्ट: पूर्व विधायक गुंजल ने एफआईआर रद्द करने की थी मांग

ज़ूम न्यूज • जयपुर

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ओएसडी राजीव दत्ता को धमकी देने के मामले में हाईकोर्ट ने पुलिस से केस डायरी और तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की है। जस्टिस उमाशंकर व्यास की एकलपीठ ने यह आदेश पूर्व विधायक प्रह्लाद गुंजल की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। गुंजल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करके एफआईआर रद्द करने की मांग की है। उनकी ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता डॉ. महेश शर्मा ने कहा- जिस वीडियो के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है, उसका सत्यापन तक नहीं किया गया। वीडियो कहां से आया, किसने बनाया, इसकी जानकारी तक नहीं हैं। वहीं वीडियो के आधार पर पुलिस ने धमकी देने की धाराएं जोड़ी हैं। जबकि जिस व्यक्ति को धमकी देने की बात कही गई है, उसने किसी तरह की शिकायत तक नहीं की। इस पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस पर कोर्ट ने पुलिस से केस डायरी और तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब करते हुए मामले को 17 नवंबर को सुनवाई के लिए रखा है।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार- मंदिर में बिना अनुमति सभा करने, निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने, लोगों को उकसाने और धमकी देने के आरोप हैं। दूसरा वीडियो की जांच में पाया गया कि प्रहलाद गुंजल सभा में लोगों को उकसा रहे हैं। वे लोकसभा स्पीकर के ओएसडी राजीव दत्ता को लेकर भी धमकियां दे रहे हैं। इस पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 223 (a), 132, 308 (2) और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 126 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने सबूत के तौर पर सभा के वीडियो वाली पेन ड्राइव को रिकॉर्ड पर लिया है।

गुंजल ने कहा था- राज बदलने दो, हिसाब होगा

दरअसल, प्रहलाद गुंजल का 21 अक्टूबर को कोलाना गांव का एक वीडियो सामने आया था। इसमें उन्होंने कहा था कि सारे राजस्थान में थू-थू हुई, दत्ता जी हमारे गुरु, क्या है दत्ता? जितनी गुंडागर्दी कर रहा है, इतने लोगों के सामने कह रहा हूं, राज बदलने दो। उन्होंने कहा था कि दत्ता की यह हालत बिगाड़ूंगा कि घर में बैठे-बैठे यह सोचेगा कि मैं आत्महत्या करूं या गोली लेकर किसी को मारूं। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने मंगलवार को प्रहलाद गुंजल को नोटिस दिया था।

कन्हैयालाल की गर्दन काटने वालों पर चलेगा आतंकवाद का केस

हाईकोर्ट ने 8 आरोपियों की याचिका खारिज की; ट्रायल कोर्ट के आदेश पर दखल से इनकार

ज़ूम न्यूज • जयपुर

उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड के 8 आरोपियों पर आतंकवाद की धाराओं में ही मुकदमा चलेगा। राजस्थान हाईकोर्ट ने सभी 8 आरोपियों की याचिकाओं को खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट के चार्ज फ्रेम करने के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने मोहम्मद रियाज अत्तारी, मोहम्मद गौस सहित अन्य आरोपियों की याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा- आरोप तय करने के चरण में अदालत 'मिनी-ट्रायल' नहीं चला सकती है।

खंडपीठ ने कहा- इस स्टेज पर केवल यह देखना होता है कि क्या अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किए गए सबूतों से आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया केस बनता है या नहीं। अगर आरोपियों के खिलाफ 'गंभीर संदेह' मौजूद है तो कोर्ट का आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करना पूरी तरह से सही है। बता दें कि एनआईए की विशेष अदालत ने 12 जनवरी 2024 और 13 फरवरी 2024 को आरोपियों के खिलाफ UAPA, IPC और आर्म्स एक्ट के तहत आरोप तय किए थे।

आरोपियों की ओर से एडवोकेट मोहम्मद सलीम, एडवोकेट सैयत सआदत अली और अन्य ने कोर्ट को बताया कि रिकॉर्ड पर ऐसा कोई सबूत या सामग्री मौजूद नहीं है, जिससे यह साबित हो सके कि आरोपी कभी किसी गैरकानूनी या आतंकवादी संगठन के सदस्य रहे हैं या उन्होंने किसी ऐसे संगठन के इशारे पर काम किया है। वहीं यह पूरा मामला कथित तौर पर नूपुर शर्मा की ओर से की गई टिप्पणियों को कन्हैया लाल की ओर से सोशल मीडिया पर शेयर करने के बाद पैदा हुए विवाद से जुड़ा है। मृतक के इस कृत्य से भले ही आरोपी आक्रोशित हुए हों, लेकिन यह कृत्य अपने आप में इतना बड़ा आधार नहीं है कि आरोपियों पर UAPA (गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम) जैसा कड़ा कानून थोप दिया जाए। आरोपियों के वकीलों ने दावा किया कि पुलिस की ओर से बरामद किए गए वीडियो में ऐसा कोई शब्द, अभिव्यक्ति अथवा सबूत नहीं है, जिसे सार्वजनिक शांति भंग करने, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने और क्षेत्र की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाला माना जाए।

औपचारिक सदस्यता होना जरूरी नहीं

मामले में एनआईए के वकीलों ने दलील दी कि UAPA की धाराओं के तहत आपराधिक साजिश का दायरा बेहद बड़ा है। इसमें केवल आतंकवादी कृत्य को अंजाम देना ही शामिल नहीं है, बल्कि उसके लिए की गई साजिश, प्रयास, उकसाना, सलाह देना, सहायता करना और घटना की तैयारी करना भी अपराध के दायरे में आता है। इसके लिए आतंकवादी कृत्य का पूरी तरह पूरा होना जरूरी नहीं है। इस मामले को केवल सोशल मीडिया मैसेज तक सीमित करके नहीं देखा जा सकता है। आरोपियों की ओर से दी गई धमकी, घटना के बाद उनका आचरण, उनके पास से बरामद वीडियो और जांच में एकत्र सबूत सामूहिक रूप से बड़ी साजिश की ओर इशारा करते हैं। इन सब की जांच ट्रायल के दौरान ही हो सकती है। चार्ज की स्टेज पर इसका फैसला नहीं किया जा सकता है। एनआईए ने कहा- आरोपियों का यह कहना कि वे किसी संगठन के सदस्य नहीं है, उन्हें आरोपों से मुक्त नहीं करता है।

विधानसभा में सम्मेलन, 150 से अधिक युवाओं ने रखे विचार

ज़ूम न्यूज • जयपुर

राजस्थान विधानसभा में Y-NITI Vishwam की ओर से आयोजित युवा सम्मेलन में 150 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी मौजूद रहे। राजस्थान विश्वविद्यालय, एसएस जैन सुबोध लॉ कॉलेज, जेसीआरसी यूनिवर्सिटी, आईआईएचएमआर और जैपुरिया सहित विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों ने मौजूदा समस्याओं और चुनौतियों पर विचार रखे तथा व्यावहारिक समाधान सुझाए। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं की आवाज सरकार तक पहुंचाना और नीति निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना था। गीत कंवर राजावत, देशना सिंह और जाह्नवी सिंह ने युवाओं की बात सुनने, उनके सवालों के जवाब देने और बदलाव की दिशा में कदम उठाने पर जोर दिया।

साइबर पुलिस: चोरी व गुम हुए 10 लाख के 40 मोबाइल लौटाए

ज़ूम न्यूज • जयपुर

दीपावली पर साइबर पुलिस थाना कमिश्नरेट ने 'ऑपरेशन रिकवरी' के तहत 10 लाख रुपए के 40 चोरी व गुमशुदा मोबाइल ट्रेस कर मालिकों को सुपुर्द किए। पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल, एडिशनल कमिश्नर डॉ. रामेश्वर सिंह व डीसीपी (अपराध) योगेश गोयल के निर्देश पर थानाधिकारी हेमराज (RPS) के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। टीम ने CEIR पोर्टल और तकनीकी साधनों की मदद से राजस्थान व अन्य राज्यों में चल रहे मोबाइल ट्रेस किए। कार्रवाई में कॉन्स्टेबल रवींद्र कुमार और दिनेश कुमार की मुख्य भूमिका रही।

महिला आयोग की बिल्डिंग से कूदने की कोशिश: रेलिंग से लटकी महिला को वकील ने बचाया, लव मैरिज के बाद पति ने छोड़ दिया था

ज़ूम न्यूज • जयपुर

जयपुर में महिला आयोग परिसर में सुसाइड के प्रयास का मामला सामने आया है। पति के खिलाफ शिकायत लेकर महिला आयोग में पहुंची थी। सुनवाई नहीं होने पर महिला छत पर चढ़ गई और कूदने जा रही थी। इसी दौरान एडवोकेट चरणजीत भाटी और कोर्ट के कर्मचारियों ने महिला को पकड़ लिया। मामला टोंक रोड पर गांधी नगर मोड़ स्थित महिला आयोग परिसर का शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे का है। सूचना मिलने पर ज्योति नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को अपने साथ थाने ले गई। बाद में उसे मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। फैमिली कोर्ट ने महिला को ज्योति नगर थाना पुलिस को सौंपकर उसकी सुरक्षा और देखभाल के निर्देश दिए।





महिला के छत पर चढ़ने और रेलिंग के पास पहुंचने पर परिसर में हड़कंप मच गया। एडवोकेट चरणजीत भाटी ने बताया- मैंने फैमिली कोर्ट में एंटर किया ही था। बिल्डिंग के ऊपर देखा तो छत की रेलिंग पर एक महिला चढ़ी हुई थी। लोग नीचे से उसे पीछे हटने के लिए आवाज लगा रहे थे। मैं बिना देरी किए सीढ़ियों से दौड़ लगाते हुए छत पर पहुंचा। तब तक वहां फैमिली कोर्ट और महिला आयोग के तीन-चार कर्मचारी और भी पहुंच गए थे। महिला उन कर्मचारियों से कह रही थी मेरे पास आओगे तो मैं कूद जाऊंगी। मुझे एडिशनल डीसीपी, जज साहब और सीएम साहब तीनों यहां चाहिए। मुझे न्याय मिलना चाहिए। लव मैरिज को कैंसिल किया जाना चाहिए। इस दौरान मैं उसे बातों में उलझाकर उसके पास पहुंचा और उनका हाथ पकड़ कर दूसरी साइड खींचा। तभी वहां मौजूद लोगों ने भी महिला को पकड़ लिया।

महिला आयोग में ताला लगा हुआ देख घबराई

एडवोकेट चरणजीत भाटी ने बताया- महिला को बचाने के बाद उसे फैमिली कोर्ट वन, टू और थ्री के जज साहब जो चैम्बर में एक साथ बैठे थे, उनके सामने पेश किया। जज ने महिला से पूछा तो उसने बताया- मेरी लव मैरिज हुई थी। इसके बाद मेरे भाई की मौत हो गई। जिसका जिम्मेदार परिवार मुझे मानता है। शादी के बाद मैं उत्तर प्रदेश चली गई। उत्तर प्रदेश पुलिस ने मुझे जयपुर महिला आयोग में जाने के लिए कहा। जब मैं महिला आयोग में आज पहुंची तो यहां ताला लगा हुआ था। ताला लगा देखकर मैं घबराकर और हारकर तीसरी मंजिल की छत पर आत्महत्या के लिए कूदने चली गई।

कई क्षेत्रों के लिए एआई मॉडल विकसित कर रहे

'सेमीकॉन 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल' लॉन्च, वैष्णव बोले भारत जल्द बनेगा दुनिया की 'एआई एप्लिकेशन राजधानी'

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उद्योग का मुख्य फोकस विभिन्न उद्यमों में एआई मॉडल का इस्तेमाल करने और कृषि, स्वास्थ्य सेवा तथा शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बदलाव लाने पर है और इस दिशा में काफी अच्छी प्रगति हो रही है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत दुनिया की 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एप्लिकेशन राजधानी' बनने पर पूरा ध्यान केंद्रित कर रहा है। 'सेमीकॉन 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल' के लॉन्च के मौके पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक एआई उद्योग में तेजी से बदलाव हो रहे हैं और जैसे-जैसे यह तकनीक विकसित होगी, नए अवसर भी खुलेंगे।

- वैश्विक एआई उद्योग में तेजी से बदलाव हो रहे

जल्द भारत की अपनी ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) चिप होगी



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

एप्लिकेशन पर फोकस

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हम भारत को दुनिया की 'एप्लिकेशन राजधानी' बनाने पर पूरा जोर दे रहे हैं। उद्योग का मुख्य फोकस विभिन्न उद्यमों में एआई मॉडल का इस्तेमाल करने और कृषि, स्वास्थ्य सेवा तथा शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बदलाव लाने पर है। हमारा उद्योग इन एप्लिकेशंस पर बहुत ज्यादा ध्यान दे रहा है और इस दिशा में काफी अच्छी प्रगति भी हो रही है।

पोर्टल में गंभीर आवेदक ही ले सकेंगे हिस्सा

सेमीकॉन 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसमें केवल पूरी तरह भरी गई (कम्प्लीट) एप्लिकेशंस ही स्वीकार की जाएंगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि सेमीकंडक्टर उद्योग की गंभीर कंपनियां ही इसमें हिस्सा लें। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसमें गैर-गंभीर आवेदकों के लिए कोई जगह नहीं है।

अहम इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों का निर्माण हो रहा

अश्विनी वैष्णव ने महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों के निर्माण में भारत की बढ़ती क्षमताओं पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि आज हम पूरा बैटरी सेल बना रहे हैं। हम कॉपर फॉयल बना रहे हैं। हम पीसीबी के लिए कॉपर-क्लैड लैमिनेट बना रहे हैं। पूरी वैल्यू चेन में हम हर प्रोग्राम और हर मंजूरी के साथ गहराई से काम कर रहे हैं। यह कदम भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सोशल मीडिया कंपनियां नुकसान की जिम्मेदारी लें

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया मंचों को सामग्री की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए, एल्गोरिद्म की पारदर्शिता से जुड़े उपाय करने चाहिए और शिकायतों का तेजी से समाधान करना चाहिए। इन मंचों को 'डिजिटल अरेस्ट' घोटालों सहित गंभीर ऑनलाइन खतरों से समाज की सक्रिय रूप से रक्षा करनी चाहिए। मंचों को बच्चों की सुरक्षा, महिलाओं की सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट और नागरिकों को होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी लेनी होगी।

समाज को सुरक्षित रखने के लिए उठाएं कदम

वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया मंचों को खुद आगे बढ़कर कदम उठाने होंगे। उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए कि हमारा समाज सुरक्षित रहे। वैष्णव ने कहा कि इन मंचों पर नागरिकों को अपनी बात रखने की ताकत दी जानी चाहिए। इस समय अगर किसी मंच पर मौजूद सामग्री से गंभीर नुकसान होता है।

खबर संक्षेप

किशोर बियानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली। सीबीआई ने 904.32 करोड़ की कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में फ्यूचर रिटेल लिमिटेड और



जाने-माने कारोबारी किशोर बियानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। साथ ही, शुक्रवार को मुंबई में उनसे जुड़े ठिकानों पर छापेमारी भी की गई। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने इस मामले में उनके भाई राकेश बियानी के खिलाफ भी केस दर्ज किया है।

तरुण तेजपाल को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तहलका के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल



को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने जूनियर महिला सहकर्मी से रेप के मामले में मिली 10 साल की सजा पर रोक लगाने की उनकी याचिका खारिज कर दी। तेजपाल पर नवंबर 2013 में गोवा के एक लग्जरी होटल की लिफ्ट में अपनी जूनियर सहकर्मी के साथ रेप करने का आरोप है।

टैंक फार्म में आग लगने से 1 की मौत, 6 झुलसे

डिब्रूगढ़। असम के डिब्रूगढ़ जिले में ऑयल इंडिया लिमिटेड के इंटरमीडिएट टैंक फार्म में शुक्रवार



सुबह आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह अन्य झुलस गए। कंपनी के अनुसार, तेंगाखाट स्थित इंटरमीडिएट टैंक फार्म में सुबह करीब 9:05 बजे रखरखाव कार्य के दौरान आग लगी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह अन्य झुलस गए।

पराग्वे में राष्ट्रपति पेना ने दिया इस्तीफा

एसनसियोन। पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना ने उनकी सरकार से जुड़े एक बड़े डिजिटल बैंक के



दिवालिया होने के बाद इस्तीफा देने की घोषणा की। यूएनो बैंक के इस संकट से लाखों लोगों की जमा-पूंजी फंस गई और देशभर में व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। उनकी अपनी पार्टी ने भी उनसे समर्थन वापस ले लिया। पेना के खिलाफ आपराधिक जांच शुरू करने की घोषणा की है।

लॉस एंजिल्स की मेयर चुनी गईं नित्या रमन

वॉशिंगटन। केरल में जन्मीं नित्या रमन ने लॉस एंजिल्स के मेयर का चुनाव जीत लिया है। वह इस शहर



का नेतृत्व करने के लिए चुनी जाने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी बन गई हैं। वह इस शहर की पहली दक्षिण एशियाई मेयर भी बनेंगी। भारत में जन्मी रमन छह साल की उम्र में अपने परिवार के साथ अमेरिका आ गई थीं। उन्होंने हार्वर्ड से स्नातक किया और वे अर्बन प्लानर हैं।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के सैन्य सलाहकार सिंह की दो टूक

शांति सैनिकों के खिलाफ हमलों के जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराएं

शांति सैनिकों की सुरक्षा भारत की प्राथमिकता सूची में



कर्नल तरुणेंद्र प्रताप सिंह

कर्नल तरुणेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारत शांति सैनिकों की सुरक्षा को शांति स्थापना के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक मानता है। हम संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना और एक ऐसे शांति स्थापना ढांचे के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं जो बेहतर संसाधनों से युक्त, बेहतर रूप से सुरक्षित और स्वयं विश्व का अधिक प्रतिनिधित्व करने वाला हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के खिलाफ हमलों के दोषियों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया है, और इस बात को प्रमुखता से उठाया है कि 'ब्लू हेल्मेट्स' (शांति सैनिकों) को विषम और तकनीकी खतरों का सामना करना पड़ रहा है। शांति स्थापना अभियानों के सभी पहलुओं की व्यापक समीक्षा पर आयोजित वार्षिक परिचर्चा को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के सैन्य सलाहकार, कर्नल तरुणेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज के कर्मियों को विषम और तकनीकी रूप से उन्नत खतरों का सामना करना पड़ता है, और शांति सैनिकों पर हमला करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों की जवाबदेही पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2589 पर भारत का निरंतर नेतृत्व इसी दृढ़ विश्वास को दर्शाता है।

सैनिकों को उन्नत खतरों का सामना करना पड़ रहा

कर्नल सिंह ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सबसे अधिक सैनिक भेजने वाले देशों में से एक है, जिसने अब तक 50 मिशनों में 3,00,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है। भारत शांति सैनिकों की सुरक्षा को शांति स्थापना के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक मानता है। हम संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना और एक ऐसे शांति स्थापना ढांचे के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं जो बेहतर संसाधनों से युक्त, बेहतर रूप से सुरक्षित और स्वयं विश्व का अधिक प्रतिनिधित्व करने वाला हो।

भारत ने 50 मिशन में सर्वाधिक 3 लाख सैनिक तैनात किए

184 भारतीय शांति सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

कर्नल सिंह ने उन 184 भारतीय शांति सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने 'ब्लू हेल्मेट्स' के रूप में अपने कर्तव्य का पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि इस अनिवार्य उद्देश्य के लिए भारत की प्रतिबद्धता केवल दार्शनिक नहीं है; यह बुनियादी है, जो सात दशकों के परिचालन जुड़ाव में निहित है, और हमारे शांति सैनिकों के पसीने और खून से आकार लेती है।

शांति सैनिकों के लिए पर्याप्त संसाधन हों

भारत के स्थायी मिशन के सैन्य सलाहकार ने कहा कि शांति अभियानों के सफल होने की संभावना तब सबसे अधिक होती है जब वे एक व्यापक राजनीतिक प्रक्रिया के साथ जुड़े हों, जिसमें स्पष्ट रूप से परिकल्पित राजनीतिक परिणाम और शांति सैनिकों के लिए पर्याप्त संसाधन हों। भारत ने सैनिकों और पुलिस का योगदान देने वाले देशों के लिए उन 'मैंडेट' (कार्यक्षेत्र) को आकार देने में एक 'व्यवस्थित आवाज' होने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिन्हें वे लागू करते हैं।

शांति सैनिक भेजने वाले देशों को अधिकार दें

सिंह ने जोर दिया कि जिन देशों के सैनिक और पुलिसकर्मी इन अभियानों में शामिल हैं, उन्हें सुरक्षा परिषद द्वारा तय किए जाने वाले जनादेश को आकार देने में अपनी बात रखने का व्यवस्थित अधिकार होना चाहिए।

वर्तमान में 160 भारतीय महिला शांति सैनिक तैनात

कर्नल सिंह ने 1960 से महिला शांति सैनिकों की भारत की तैनाती पर भी प्रकाश डाला, और इस विश्वास को दोहराया कि वे जनादेश को पूरा करने में केंद्रीय भूमिका में बनी हुई हैं। वर्ष 2007 में, भारत ने लाइबेरिया में पहली बार सर्व-महिला पुलिस इकाई की तैनाती की थी, जिसने वैश्विक स्तर पर प्रशंसा अर्जित की और यह निर्णायक रूप से सिद्ध किया कि महिला शांति सैनिक शांति स्थापना में विशिष्ट रूप से प्रभावी हैं। सिंह ने बताया कि भारत ने वर्तमान में 160 महिला शांति सैनिकों को तैनात किया है।

शांति मूल उद्देश्य

उन्होंने कहा कि चूंकि भारत शांति स्थापना को संयुक्त राष्ट्र के मूल उद्देश्य के लिए 'अपरिवर्तनीय' (अनिवार्य) मानता है, इसलिए नई दिल्ली ने 2028-29 के कार्यकाल के लिए सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में अपनी उम्मीदवारी के लिए इसे एक प्राथमिकता के रूप में चिह्नित किया है।

कमजोर ट्रंप ने कसी कमर

'वीटो पावर' का इस्तेमाल कर विरोधियों के एजेंडे को पलटेंगे

- *डेमोक्रेट्स का ट्रंप पर ईरान युद्ध समाप्त करने का दबाव*
- *ट्रंप प्रशासन और उनके करीबियों की आक्रामक जांच*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव के परिणामों में डेमोक्रेटिक पार्टी ने संसद के दोनों सदनों, निचले सदन- प्रतिनिधि सभा और उच्च सदन- सीनेट में बहुमत हासिल कर लिया है। यानी विधायिका में डेमोक्रेटिक पार्टी अब



डोनाल्ड ट्रंप

रिपब्लिकन पार्टी के खिलाफ मजबूत हो गई। दूसरी तरफ कई राज्यों के गवर्नर और विधानसभा चुनाव में भी डेमोक्रेटिक पार्टी ने रिपब्लिकन को हराकर अपना शासन स्थापित किया है।

यूं तो इन चुनावों में राष्ट्रपति की कुर्सी दांव पर नहीं थी, लेकिन इस पद के साथ मिलने वाली कई शक्तियां अब कम हो सकती हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रिपब्लिकन पार्टी ने डेमोक्रेट्स के विधायी एजेंडे और जांच अभियानों को बेअसर करने के लिए एक आक्रामक प्रशासनिक रणनीति बनाई है। डेमोक्रेट्स के पास वीटो को पलटने के लिए न तो प्रतिनिधि सभा और न ही सीनेट में जरूरी दो-तिहाई बहुमत (प्रतिनिधि सभा में 290 और सीनेट में 67 सीटें) है।

टैरिफ और व्यापार शुल्क रद्द करवाएंगे

प्रतिनिधि सभा के स्पीकर हकीम जेफ्रीज की पहली प्राथमिकता रिपब्लिकन पार्टी की ओर से आम लोगों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधा- मेडिकेड में की गई कटौती को बहाल करना और अफोर्डेबल केयर एक्ट (ओबामाकेयर) की सब्सिडी को फिर से लागू करना होगी। इसके साथ ही वे दवाओं की कीमतों को सीमित करने का प्रयास करेंगे। डेमोक्रेट्स ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापार शुल्कों, खासकर कनाडा पर लगे लेवी को वापस लेने के लिए एंड ट्रम्प्स टैरिफ टैक्स एक्ट जैसा कानून लाने की तैयारी कर रहे हैं, उनका तर्क है कि इन शुल्कों ने घरेलू लागत बढ़ाई है। डेमोक्रेट्स एक ऐसा प्रस्ताव लाने की योजना बना रहे हैं।

पॉकेट वीटो की रणनीति अपनाएंगे

ट्रंप प्रशासन का मानना है कि वे लोकप्रिय विधेयकों पर बार-बार वीटो की धमकी देकर या प्रशासन की नीतिगत चेतावनियों के जरिए डेमोक्रेट्स को कानून में संशोधन करने या अंततः समझौते की मेज पर आने के लिए मजबूर करेंगे। संसद (कांग्रेस) के स्थगन के समय ट्रंप बिना हस्ताक्षर किए विधेयकों को रद्द करने वाले पॉकेट वीटो का उपयोग कर सकते हैं, जिसे कांग्रेस द्वारा दोबारा मतदान से भी नहीं पलटा जा सकता। डेमोक्रेट्स के जांच के लिए जारी होने वाले समन और संभावित महाभियोग का मुकाबला करने के लिए व्हाइट हाउस काउंसिल के दफ्तर ने विशेष रूप से 15 अतिरिक्त वकीलों की भर्ती कर ली है।

सीएम साहा ने घटना की समीक्षा की

बीएसएफ जवानों पर हमला करने वाले 8 गिरफ्तार, कुल 18 पकड़े

एजेंसी ▶▶ अगरतला

त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों पर कथित तौर पर हमला करने और उनमें से तीन को घायल करने के आरोप में आठ और लोगों को पकड़ा गया है।

जिससे मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 18 हो गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तस्करी के संदेह में सिपाहीजाला जिले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिए जाने के विरोध में सोमवार को



सीएम साहा बैठक करते हुए

आशाबारी सीमा चौकी के पास ग्रामीणों के एक समूह ने बीएसएफ कर्मियों पर हमला कर दिया था, जिसमें एक सहायक कमांडेंट समेत 3 जवान घायल हो गए थे।

टाइगर ट्रायम्फ 2026 समारोह संपन्न

भारत-यूएस सेनाओं ने सहायता आपदा, राहत पर किया अभ्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरीका के बीच पांचवा द्विपक्षीय त्रि-सैन्य मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभ्यास टाइगर ट्रायम्फ 2026 विशाखापत्तनम में संपन्न हुआ। 31 अक्टूबर से 05 नवंबर तक आयोजित इस अभ्यास में दोनों देशों के सशस्त्र बल कर्मियों ने भाग लिया।

समापन समारोह में नौसेना के पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल विशाल बिश्नोई और अमरीकी प्रशांत बेड़े के वाइस कमांडर रियर एडमिरल



विशाल बिश्नोई, जोविक्वन पिनिलोस

जोक्विन जे. मार्टिनेज डी पिनिलोस उपस्थित रहे। अभ्यास में सैन्य बल अभ्यास और आपातकालीन प्रतिक्रिया योजनाओं के परीक्षण और मूल्यांकन संबंधी सैन्य चर्चा - टेबलटॉप अभ्यास शामिल रही।

हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और सोनार से लैस

नौसेना को सौंपा पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'अमिनी', बारूदी सुरंगों का लगाएगी पता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई), कोलकाता द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित पनडुब्बी रोधी युद्धपोत (एएसडब्ल्यू) में से एक 'अमिनी' को गुरुवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है।

ये पोत भारतीय नौसेना के सबसे बड़े जलज्वारीय युद्धपोतों में से एक हैं, जो अत्याधुनिक हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और सोनार से लैस हैं, जिससे पानी के नीचे के खतरों का प्रभावी ढंग से पता लगाने और उनसे निपटने में सक्षम है।



भारतीय नौसेना को सौंपते अमिनी

80 प्रतिशत स्वदेशी निर्माण

अमिनी का नाम लक्षद्वीप केंद्र शासित प्रदेश के अमिनी द्वीप से लिया गया है। यह पोत पूर्ववर्ती पेट्या तृतीय श्रेणी के पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस अमिनी की अगली पीढ़ी है, जिसे 2002 में सेवामुक्त कर दिया गया था, इस प्रकार यह विशिष्ट विरासत नामों को बनाए रखने की नौसैनिक परंपरा को जारी रखता है।

तुर्किये की करतूतः एर्दोगन राज में भारत विरोधी ताकतों को दिया मंच

आतंकी बुरहान की तस्वीर भी दिखाई, पीओके नरसंहार पर सभी लोग रहे मौन

कश्मीर पर हुआ सम्मेलन, पुरानी तस्वीरों से लोगों को 'बरगलाने' का प्रयास किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाने वाले तुर्किये के इस्तांबुल में कश्मीर पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें पाकिस्तान के राजनयिकों, कश्मीर अलगाववादी विचारों से जुड़े प्रतिनिधियों और विदेशी अकादमिक हस्तियों ने हिस्सा लिया।

इस मंच से भारत विरोधी ताकतों ने खूब जहर उगले। सम्मेलन के दौरान दिखाई गई तस्वीरों में आतंकी बुरहान वानी भी शामिल था। इसके अलावा सुरक्षा बलों पर पत्थरबाजी करते लड़कों और लड़कियों की फोटो, वीडियो भी यहां लगाई गई थी। सम्मेलन में



इस्तांबुल में कश्मीर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

आयोजन के जरिए कश्मीर के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने का किया प्रयास

कश्मीर को लेकर भारत की नीतियों, कथित मानवाधिकार उल्लंघनों और हिंदुत्व विचारधारा के प्रभाव जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इतना ही नहीं, कश्मीर के मुद्दे को फिलिस्तीन से जोड़कर पेश करने की भी कोशिश की गई।

कश्मीर विवाद पर उगला जहर

पहले सत्र में कश्मीर विवाद का क्षेत्रीय स्थिरता पर असर, शांति और न्याय की संभावनाओं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर चर्चा हुई। दूसरे सत्र का विषय हिंदुत्व विचारधारा का क्षेत्रीय और वैश्विक प्रभाव रखा गया। इस दौरान कश्मीर और फिलिस्तीन के मुद्दों के बीच समानताएं और अंतर तलाशे गए। तीसरे सत्र में कश्मीर विवाद के अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवाधिकार से जुड़े पहलुओं पर चर्चा हुई। इस आयोजन के जरिए कश्मीर के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने और भारत की नीतियों पर सवाल खड़े करने की कोशिश की गई।

पीओके में हो रही हत्याओं पर साधी चुप्पी: इस आयोजन की खास बात यह रही कि मानवाधिकार की बात करने वाले इन एजेंडेबाज लोगों ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सेना की फायरिंग पर चुप्पी साध रखी।

तुर्किये जेनविलक वक्फी ने किया आयोजन

सम्मेलन का आयोजन तुर्किये के युवा संगठन 'तुर्किये जेनविलक वक्फी' ने अपने मुख्यालय में किया। कार्यक्रम में पाक के इस्तांबुल स्थित कॉन्सुल जनरल ख्वाजा खुर्रम नईम शामिल हुए। वर्ल्ड कश्मीर फ्रीडम मूवमेंट के अध्यक्ष डॉ. मुजम्मिल अय्यूब ठाकुर, इस्लाम एंड ग्लोबल अफेयर्स सेंटर के निदेशक डॉ. सामी अल एरियन और तुर्किये रिसर्च फाउंडेशन के उपाध्यक्ष डॉ. एनेस बायराकली भी मौजूद रहे। सम्मेलन में तीन सत्र आयोजित किए गए।

पत्रकार ने लगाई फटकार: पत्रकार राजा मुनीब ने लिखा कि एक दशक पुरानी तस्वीरों का इस्तेमाल करके किसी मरे हुए नैरेटिव को जिंदा रखने की कोशिश करना, खुद पाक और उसके प्यादों की हार है।

बलूच यकजेहती कमेटी का आरोप

बलूचिस्तान में बढ़ रहा अत्याचार पाक सेना ने 4 लोगों की हत्या की

एजेंसी ▶▶ क्वेटा

मानवाधिकार संगठन 'बलूच यकजेहती कमेटी' (बीवाईसी) ने आरोप लगाया कि बलूचिस्तान में पाकिस्तानी फोर्स ने कम से कम चार नागरिकों की गैर-न्यायिक हत्या कर दी।

60 वर्षीय दुकानदार इलाही बख्श और 32 वर्षीय ड्राइवर मुनीर अहमद को जबरन गायब कर दिया गया था। बाद में 2 नवंबर को उनके शव 'नाल' क्षेत्र के 'लाघोरजाई' इलाके में फेंक दिए गए। बीवाईसी के अनुसार, 30 अक्तूबर को पाकिस्तान फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी)



के जवानों ने इलाही बख्श को उनके घर से जबरन उठा लिया था, जिसके बाद से उनके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। मानवाधिकार संगठन ने कहा कि लोगों को जबरन गायब करना और बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के मार डालना, जीवन, स्वतंत्रता और मानवीय गरिमा के मौलिक अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है।



उदित समेत 13 सिंगर्स ने मिलकर गाए 'सूर्या' के गीत

नई दिल्ली। रामायण पार्ट 1 की रिलीज के बाद सनी देओल एक और फिल्म सूर्या में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 दिनों बाद सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले ही इसका फुल एल्बम जारी हो गया। आगामी फिल्म सूर्या के गानों में कुमार सानू से लेकर उदित नारायण अपनी आवाज देने वाले हैं। फिल्म में कुल सात गाने हैं, जिन्हें सिनेमा के दिग्गज गायक-गायिकाओं ने गाया है। सूर्या के साथ सबका अनुभव करो। फिल्म में कुल सात गाने हैं। सुनियो जरा - कुमार सानू, उदित नारायण, अनुपम अमोद। ढोला जी - श्रेया घोषाल, जावेद अली, स्वरूप खान।

लाइफ Style

सुहाना

दिवाली पार्टी में बिखेरा फैशन का जलवा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड में सितारे दिवाली बड़े ही ग्लैमरस अंदाज में मनाते हैं। हाल ही में मनीष मल्होत्रा ने बॉलीवुड सितारों के लिए एक स्पेशल दिवाली पार्ट होस्ट की। इस पार्टी में जाने-माने सितारे शामिल हुए और फैशन का जलवा बिखेरा।

कृति सेनन, सुहाना खान, जाह्नवी कपूर और करीना कपूर ने तो अपने लुक से हर किसी को अपना दीवाना बना लिया। सोशल मीडिया पर इस पार्टी में शामिल हुए सितारों के लुक्स खूब वायरल हो रहे हैं। कृति सेनन भी मनीष मल्होत्रा की पार्टी में शामिल हुईं। एक्ट्रेस ने इस दौरान पेस्टल ब्लू कलर का कुर्ता और मैचिंग पैंट पहनी। एक्ट्रेस का ये अंदाज भी काफी स्टाइलिश और ग्लैमरस लग रहा है। सोशल मीडिया पर कृति सेनन के लुक की खूब तारीफ भी हो रही है। इसके साथ ही एक्ट्रेस की फोटोज भी खूब वायरल हो रही हैं। जाह्नवी कपूर ने इस पार्टी में ब्लैक और गोल्डन कलर की स्ट्राइप्स वाला लहंगा कैरी किया। इस लुक में जाह्नवी काफी खूबसूरत लग रही हैं। वहीं, पैपराजी के सामने जाह्नवी ने अकेले ही पोज दिए। सोशल मीडिया पर जाह्नवी का ये ग्लैमरस अंदाज काफी चर्चाओं में बना हुआ है। हर कोई उनके लुक की तारीफ कर रहा है। शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान ने इस पार्टी की सारी लाइमलाइट छीन ली। ब्रोकेड लहंगा में बेहद खूबसूरत दिखाई दीं। सुहाना के इस लुक ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। वहीं, सोशल मीडिया पर सुहाना के लुक की तारीफ हो रही है।



हॉलीवुड मसाला



किंग काइली बनीं प्रियंका

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा त्योहारी सीजन का भरपूर आनंद ले रही हैं। दिवाली की पार्टी का आयोजन करने के बाद अब वह अपने परिवार के साथ हैलोवीन मनाने में जुट गई हैं। हैलोवीन मनाने के लिए अभिनेत्री अपने पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी के साथ बाहर निकलीं। इस मौके पर, प्रियंका ने काइली जेनर के मशहूर 'किंग काइली' लुक को अपनाया। उन्होंने लंबे गुलाबी बाल (विग), काली बीनी (टोपी), बड़े स्नग्लासेस, काला क्रॉप टॉप और उसके साथ मैचिंग जैकेट व ट्राउजर पहना।




नील यंग ने किया ट्रंप पर 10 मिलियन डॉलर का मुकदमा

लॉस एंजिल्स। संगीतकार नील यंग ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राजनीतिक एक्शन कमिटी 'ट्रंप 47 कमिटी इंक' के खिलाफ 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर का मुकदमा दायर किया है। उनका आरोप है कि कमिटी ने मिडटर्म चुनाव रैलियों में राष्ट्रपति के मंच पर आने के दौरान, बिना इजाजत के उनके गाने 'रॉकिन इन द फ्री वर्ल्ड' का इस्तेमाल किया। 'रॉकिन इन द फ्री वर्ल्ड' के अनधिकृत इस्तेमाल को लेकर ट्रंप के खिलाफ यह यंग की दूसरी कानूनी कार्रवाई है। यंग ने पहली बार 2020 में ट्रंप पर मुकदमा किया था, जिसे बाद में आपसी समझौते से सुलझा लिया गया था। गायक के इस नए मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि ट्रंप ने उस समझौते की शर्तों का उल्लंघन करते हुए, फिर से इस गाने का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है।



आज के सितारों में कॉन्फिडेंस की कमी

नई दिल्ली। फिल्ममेकर और कोरियोग्राफर फराह खान अपनी बेबाक बातों के लिए जानी जाती हैं। वो अपनी सोच को खुलकर लोगों के सामने रखती हैं। हाल ही में फराह ने आज के नए एक्टर्स के काम करने के तरीके पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आजकल के कलाकार फिल्मों में कोरियोग्राफी से लेकर म्यूजिक और कास्टिंग तक हर चीज में दखल देते हैं। उनके मुताबिक, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आज के एक्टर्स को खुद पर भरोसा नहीं है और वे असुरक्षित महसूस करते हैं। उन्हें अपने डायरेक्टर पर भी विश्वास नहीं होता। वे गानों की कोरियोग्राफी खुद करना चाहते हैं और म्यूजिक से लेकर कास्टिंग तक हर मामले में दखल देते हैं। फराह के मुताबिक, यह सब तब होता है जब किसी इंसान को खुद पर भरोसा नहीं होता।



'ईठा' की मुश्किलें बढ़ाएंगे सलमान

नई दिल्ली। बॉलीवुड में नवंबर के बाद दिसंबर के महीने में कई बड़ी फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं। इन बड़ी फिल्मों में शाह रुख खान की किंग से लेकर एंवेजर्सः डूम्सडे समेत श्रद्धा कपूर की ईठा का नाम भी शामिल है और अब लीजिए दिसंबर के महीने में ही बॉक्स ऑफिस पर आंधी तूफान मचाने आ रहे हैं सलमान खान, क्योंकि दबंग खान की मचअवेटेड फिल्म मातृभूमि की रिलीज का ऐलान हो चुका है। फिल्म 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। अब इसमें ट्विस्ट ये है कि 4 दिसंबर को ही श्रद्धा कपूर की मचअवेटेड फिल्म 'ईठा' भी रिलीज होने जा रही है। मतलब ये है कि भाईजान अब श्रद्धा की फिल्म की मुश्किलें बढ़ाने वाले हैं। अभीतक 4 दिसंबर को श्रद्धा की फिल्म आ रही थी और वो भी किंग से पहले, लेकिन अब श्रद्धा की फिल्म से सलमान की फिल्म टकराने वाली है।

टीवी मसाला



प्रियंका को हराकर राइज एंड फॉल 2 के विनर बने शहजाद

नई दिल्ली। रियलिटी शो राइज एंड फॉल 2 का ग्रैंड फिनाले हो गया है। शो के विजेता शहजाद पूनावाला बने हैं जिन्होंने ट्रॉफी के साथ-साथ लाखों की प्राइज मनी भी अपने नाम की है। इस बार विजेता बनने की रेस में कुल 6 फाइनलिस्ट थे, जिसमें शहजाद, प्रियंका चाहर चौधरी, गौतम गुलाटी, करण पटेल, स्वरा भास्कर और निहारिका तिवारी शामिल थे। टॉप 2 फाइनलिस्ट में पॉलिटिशियन शहजाद पूनावाला और प्रियंका चाहर चौधरी थे। हालांकि, शो की ट्रॉफी मास्टरमाइंड कहे जाने वाले शहजाद पूनावाला ने अपने नाम की है। शो के होस्ट वीरेन्द्र सहवाग ने विनर की अनाउंसमेंट की। उन्होंने शानदार ट्रॉफी के साथ-साथ 35 लाख रुपए की इनामी राशि भी जीती है। फर्स्ट रनर-अप प्रियंका बनीं। वहीं, शो के दूसरे रनर-अप गौतम गुलाटी रहे। शो जीतने के बाद शहजाद पूनावाला ने अपनी खुशी शेयर की है। उन्होंने कहा, राइज एंड फॉल सीजन 2 जीतना एक ऐसा अहसास है जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। यह सफर आसान नहीं था, टावर की ऊंचाइयों से लेकर बेसमेंट की अनिश्चितताओं तक मुझे लगातार खुद को ढालना पड़ा और आगे बढ़ते रहना पड़ा, भले ही चीजें मेरे हक में न हों। शहजाद ने आगे कहा, 'कई बार मन में शक भी पैदा हुआ, लेकिन अंदर ही अंदर मुझे हमेशा यकीन था कि मैं जीत सकता हूं। आज ट्रॉफी के साथ यहां खड़ा होना, उसी यकीन के सच होने जैसा है। यह जीत इस बात का सबूत है कि दृढ़ संकल्प और हिम्मत से क्या कुछ हासिल किया जा सकता है।


अनिल और फराह ने मांगी गीता से माफी

नई दिल्ली। अनिल कपूर और फराह खान ने स्टंट प्रोफेशनल गीता टंडन से माफी मांगी है। गीता ने 'इंडिया के टॉप 1%' के सेट पर अपने साथ हुए कथित बुरे बर्ताव के बारे में बात की थी। गीता का दावा था कि उन्हें और उनके बेटे को बिना किसी सही जानकारी के लगभग नौ घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इंस्टाग्राम पर उनके इस पोस्ट के बाद दोनों सेलिब्रिटीज ने जवाब दिया। अनिल कपूर ने खेद जताया, जबकि फराह खान ने स्पष्ट किया कि उन्हें पता ही नहीं था कि गीता टंडन सेट पर इंतजार कर रही थीं। इस रियलिटी शो को होस्ट करने वाले अनिल कपूर ने खुद गीता टंडन की पोस्ट पर जवाब दिया और उनकी निराशा को समझा। उन्होंने लिखा, 'गीता जी, यह सुनकर मुझे सच में बहुत दुख हुआ। शो के होस्ट के तौर पर, मैं हमेशा यही चाहता हूं कि शो से जुड़े हर व्यक्ति को अच्छा महसूस हो और उनका सम्मान किया जाए।



एक-दूसरे की आंखों में डूबे ऐश्वर्या-अभिषेक हाथ थामे दिवाली पार्टी में ली एंट्री

नई दिल्ली। एश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के रिश्ते को लेकर एक लंबे समय से सोशल मीडिया पर कई सवाल उठ रहे थे। कभी उनके रिश्ते में अनबन की खबरें आईं, तो वहीं कईयों ने तो उनके तलाक तक की अफवाह उड़ा दी। इन सभी रूमर्स पर अब ऐश्वर्या और अभिषेक ने ट्रोलर्स को ऐसा जवाब दिया है, जिससे उनकी बोलती बंद हो जाएगी। बीती रात मुंबई में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने अपने बांद्रा स्थित घर पर दीवाली पार्टी रखी। जिसे अटेंड करने के लिए कई बड़े सितारे पहुंचें। हालांकि, इन सभी सितारों में जिस कपल ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा , वो थे ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक, जो हाथों में हाथ डाले एक साथ पहुंचे थे। मनीष मल्होत्रा की दीवाली पार्टी से ऐश्वर्या और अभिषेक की कई तस्वीरें और वीडियोज वायरल हो रही हैं। इन फोटोज में अभिषेक बच्चन रेड कारपेट पर ऐश्वर्या का हाथ थामे दिखाई दिए। जब फोटोग्राफर्स ने कपल को पोज करने के लिए कहा, तो कभी अभिषेक बच्चन ऐश्वर्या के कंधे पर हाथ रखे दिखे, तो कभी एकटक अपनी ब्यूटीफुल वाइफ की खूबसूरत आंखों में देखते रहे। सालों की शादी के बाद अभिषेक बच्चन का वहीं प्यार भरा अंदाज देखने



के बाद ऐश्वर्या राय की स्माइल थमने का नाम नहीं ले रही थीं। जब अभिषेक ने प्यार से उनके कंधे पर हाथ रखा, तो बड़े ही प्यार से ऐश्वर्या राय ने भी उनके शोल्डर पर अपना सिर टिका दिया। जब पैपराजी ने ऐश्वर्या से मनीष मल्होत्रा के घर में एंट्री करते हुए सोलो फोटो मांगी, तो अभिनेत्री ने इशारों में ऐसा करने से साफ इनकार कर दिया। ऐश्वर्या राय ने इस खास मौके पर लाल सुर्ख साड़ी पहनी हुई थी, जिसमें वह बेहद ही खूबसूरत लग रही थीं। उनके लुक की तारीफ करते हुए दूसरे यूजर ने लिखा, "मैं ऐश्वर्या पर से आंखें नहीं हटा पा रहा हूं। दोनों बहुत ही खूबसूरत लग रहे हैं।"

रामायण में इन 6 किरदारों ने चौंकाया अपनी अपीयरेंस और एक्टिंग से किया इंप्रेस

मुंबई। रणबीर कपूर की रामायण फिल्म की खूब तारीफ हो रही है। फिल्म से काफी अच्छे कलेक्शन की उम्मीद लगाई जा रही थी जिसमें ये सफल भी रही है। हर कलाकारों ने अपनी एक्टिंग से इंप्रेस किया है। बता रहे हैं उन 6 कलाकारों के बारे में जिन्होंने रामायण फिल्म में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से चौंका दिया। रणबीर कपूर की रामायण फिल्म की खूब तारीफ हो रही है। फिल्म से काफी अच्छे कलेक्शन की उम्मीद लगाई जा रही थी जिसमें ये सफल भी रही है। हर कलाकारों ने अपनी एक्टिंग से इंप्रेस किया है।

कैकसी : रावण की मां कैकसी के रोल में साउथ एक्ट्रेस और पद्म भूषण से सम्मानित शोभना ने चौंका दिया। उन्होंने फिल्म में दमदार रोल प्ले किया और फिल्म की शुरुआत से ही छाई रहीं। रावण की अपब्रिंगिंग में उनका किरदार कितना अहम था ये इस फिल्म में देखने को मिलता है।

जटायु : रामायण फिल्म में जटायु का किरदार अनुपम खेर ने प्ले किया है। इस रोल में वे शानदार परफॉर्म करते नजर आए हैं। जटायु ने ही राम को रावण का पता बताया था। वहीं, सीता मइया को रावण के चंगुल से बचाने



के लिए अपनी जान दांव पर लगाई थी।

विश्वामित्र : वैदिक काल के महान ऋषि और राम के गुरु विश्वामित्र का किरदार फिल्म में अजंक्य देओ ने प्ले किया है। इस किरदार में वे काफी असरदार साबित हुए हैं। राम को उनके कन्फर्ट जोन से बाहर निकाल एक योद्धा बनाने की पहली शुरुआत विश्वामित्र ने ही की थी। फिल्म में अजंक्य ने ये किरदार बहुत बेखूबी निभाया है।

विद्युतजीव्हा : शूर्पणखा के पति विद्युतजीव्हा का किरदार रामायण फिल्म में विवेक ओबेरॉय ने प्ले किया है। इस रोल में वे काफी प्रभावशाली रहे हैं। रावण को एक महान शासक बनाने में विद्युतजीव्हा का क्या योगदान था ये इस फिल्म में देखने को मिला है। रावण संग उनकी लड़ाई का प्रसंग भी इसमें दिखाया गया है, जिसमें रावण उनकी जान ले लेता है।

शूर्पणखा : शूर्पणखा का किरदार रामायण फिल्म में काफी मायने रखता है। उनके किरदार के बिना तो रामायण की कल्पना करना मुश्किल है। क्योंकि, राम और रावण के बीच लड़ाई और सीता हरण का मुख्य कारण शूर्पणखा ही थीं जो अपने भाई के हाथों अपने पहले पति विद्युतजीव्हा के वध के बाद राम को दिल दे बैठी थीं। रकुल प्रीत सिंह ने इस किरदार के साथ पूरा न्याय किया है।

मारीच : रावण की सेना में मारीच नाम का एक दानव था जो अपने मायावी छल के लिए जाना जाता था। वो रिश्ते में रावण का मामा और उसकी मां कैकसी का भाई थी। मारीच का रोल इस फिल्म में सौरभ सचदेव ने निभाया है। वे अपने रोल में परफेक्ट नजर आए हैं।

इन फिल्मों के गाने त्योहार की खुशियों में लगा देंगे चार चांद

बॉलीवुड की इन सात फिल्मों में दिखी दिवाली की धूम

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में हमेशा ही त्योहारों का विशेष महत्व दिया जाता है। फिर चाहे वो ईद, दशहरा, दिवाली या फिर होली सभी त्योहार को बड़े ही धूमधाम से मनाते दिखाया गया है। ऐसे में जब बात रौशनी की त्योहार दिवाली की हो तो फिल्मों में इसकी रौनक देखते ही बनती है। आज हम आपको ऐसी ही 7 फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें दिवाली के सीन दिखाए गए हैं। इन फिल्मों के दिवाली सॉन्ग्स भी आपको झूमने पर मजबूर कर देंगे।

कभी खुशी कभी गम

जया बच्चन, अमिताभ बच्चन, करीना कपूर, ऋतिक रोशन, काजोल और शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में भी दिवाली की धूम दिखाई गई है। फिल्म में जया बच्चन दिवाली की पूजा करके हाथों में थाली लिए अपने बेटे शाहरुख का वेलकम करने के लिए तैयार दिखती हैं।

तारे जमीन पर

आमिर खान की फिल्म 'तारे जमीन पर' में भी दिवाली का त्योहार धूमधाम से मनाते दिखाया गया है। हालांकि, फिल्म के मेन कैरेक्टर ईशान के लिए दिवाली खुशी का नहीं बल्कि दुख का कारण था क्योंकि वो अपने माता-पिता से दूर एक बोर्डिंग स्कूल में था।

हम आपके हैं कौन

ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'हम आपके हैं कौन' भी इसी लिस्ट में शामिल है। इस मूवी में माधुरी दीक्षित और सलमान खान की जोड़ी ने धमाल मचा दिया था। इसमें भी दिवाली का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया था। दिवाली सेलिब्रेशन को दिखाते हुए 'धिक ताना' गाना फिल्माया गया।



आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया

'आई है दिवाली सुनो जी घरवाली' ये गाना फिल्म 'आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया' का है। इस गाने से ही साफ है कि फिल्म में दिवाली को बहुत ही शानदार तरीके से मनाया गया है। इसमें गोविंदा और जूही चावला सहित कई स्टार्स नजर आए थे।

मोहब्बतें

शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय और अमिताभ बच्चन समेत मल्टीस्टारर फिल्म 'मोहब्बतें' में भी दिवाली को बहुत ही धूमधाम से मनाते दिखाया गया है। फिल्म में दिवाली सेलिब्रेशन का गाना 'जिंदा रहती हैं उनकी मोहब्बतें' आज भी हर किसी की फेवरेट सॉन्ग लिस्ट में शामिल है।

चाची 420

कमल हासन की फिल्म 'चाची 420' भी इसी लिस्ट में शामिल है। इस फिल्म में एक खास सीन है, जिसमें चाची भारती यानी कमल की ट्यूटर के तौर पर नौकरी के लिए दुर्गा प्रसाद भारद्वाज के घर जाती हैं। इस दौरान वह भारती को एक भयानक पटाखे की घटना से बचाती हैं।

होम डिलीवरी

विवेक ओबेरॉय की फिल्म 'होम डिलीवरी' का एक सॉन्ग है, जो अक्सर दिवाली के मौके पर ट्रेंड में रहता है। ये गाना है 'हैप्पी दिवाली। इसके घर हो या ऑफिस हर जगह दिवाली पर सुनने को मिलता है।



रणजी ट्रॉफी : त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को हराकर किया बड़ा उलटफेर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के घरेलू क्रिकेट में रणजी ट्रॉफी का रोमांच जारी है। इसके चौथे राउंड में आखिरकार पृथ्वी शॉ रंग में नजर आए,जिसके चलते महाराष्ट्र की टीम ने बंगाल के विजयी अभियान को रोक दिया। वहीं, इस सीजन 400 रन की पारी से रिकॉर्ड बनाने वाले मिजोरम के चिन्मय सुतार ने एक बार फिर 175 रन की पारी खेलकर बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है।

अब पूरी दुनिया में फर्स्ट क्लास क्रिकेट की पहली पांच पारियों में सबसे अधिक 834 रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड उनके नाम हो गया है। चिन्मय के अलावा रणजी ट्रॉफी की कमजोर मानी जाने वाली त्रिपुरा की टीम ने भी बड़ा उलटफेर कर डाला। त्रिपुरा ने पूर्व रणजी चैंपियन सौराष्ट्र को 133 रन से हराकर सभी को चौंका दिया।



त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को चौंकाया

अगरतला के मैदान पर खेले गए मुकाबले में त्रिपुरा की टीम से श्रीदम पॉल ने 136 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाकर 86 रन की पारी खेली थी, जिससे त्रिपुरा की टीम ने पहली पारी में 268 का फाइटिंग टोटल बनाया। इसके मुकाबले सौराष्ट्र का कोई भी बल्लेबाज त्रिपुरा की गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सका। नतीजा यह रहा कि सौराष्ट्र की पहली पारी 118 रन पर सिमट गई। पहली पारी में बढ़त हासिल करने वाली त्रिपुरा ने दूसरी पारी में 191 रन का टोटल बनाया और सौराष्ट्र को चेज करने के लिए 342 का विशाल स्कोर दिया, जिसके जवाब में सौराष्ट्र की टीम 208 रन ही बना सकी और त्रिपुरा ने 133 रन के बड़े अंतर से पूर्व रणजी चैंपियन सौराष्ट्र की टीम को ढेर कर दिया।



सुतार ने वर्ल्ड रिकॉर्ड से दिलाई जीत

मिजोरम की टीम से खेलने वाले चिन्मय सुतार ने रणजी ट्रॉफी सीजन में बल्ले से रनों की सुनामी ला रखी है। नागालैंड के खिलाफ 400 रन की नाबाद पारी खेल डाली थी। इसके बाद मेघालय के खिलाफ 125 रन और अब अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 175 रन की मैराथन पारी खेल डाली। इस तरह फर्स्ट क्लास क्रिकेट की दुनिया में पहली पांच पारियों में सबसे अधिक 834 रन बनाने वाले चिन्मय दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। अरुणाचल प्रदेश की टीम 285 और 257 रन ही बना सकी. इसके चलते मिजोरम को पारी और 29 रन से जीत मिली।

हैदराबाद की एक विकेट से रोचक जीत

हैदराबाद के खिलाफ सिकंदराबाद के मैदान पर छत्तीसगढ़ की टीम ने पहली पारी में 284 रन का मजबूत स्कोर बनाया। मिलिंद ने तीन विकेट तो तीन विकेट रक्षण रेड्डी ने भी झटके। इसके बाद हैदराबाद के लिए राहुल रदेश ने 72 रन की पारी खेली तो उनकी टीम 280 रन ही बना सकी और पहली पारी के आधार पर छत्तीसगढ़ से चार रन पीछे रही। दूसरी पारी में छत्तीसगढ़ ने 254 रन का टोटल बनाया और मयंक वर्मा ने सबसे अधिक 81 रन की पारी खेली, जिससे छत्तीसगढ़ ने हैदराबाद को जीत के लिए 259 रन का लक्ष्य दिया था। 259 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद के एक समय 220 रन पर 9 विकेट गिर गए थे। अनिकेत ने 39 रन तो रक्षण ने 15 रन की नाबाद पारी खेली। इन दोनों ने दसवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी करके टीम को हारे हुए मैच में एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाई।

खबर संक्षेप



पीएम मोदी से मिले सूर्यकुमार यादव

नई दिल्ली। सूर्यकुमार यादव ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सूर्यकुमार के साथ उनकी पत्नी देविशा, उनकी नवजात बेटी, उनकी साली दीक्षा, उनके साले अजय शेट्टी और उनकी साली के दो बच्चे राम और सरयू भी थे। इस मुलाकात के दौरान सरयू ने मोदी के सामने एक कन्नड़ गीत भी गाया, जिसे प्रधानमंत्री ने बहुत पसंद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'दीपावली के माहौल में राम और सरयू का आगमन हुआ है। इससे दीपावली का वातावरण और भी पावन एवं दिव्य हो गया है।' भारत ने सूर्यकुमार की अगुवाई में इस साल के शुरू में टी20 विश्व कप में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया था लेकिन इसके बाद खराब फॉर्म के कारण वह टीम में जगह नहीं बना पाए थे।

चीन चैंपियनशिपः प्रणवी ने किया कट में प्रवेश



शेनजेन। शीर्ष गोल्फर प्रणवी उर्स चीन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में एक अंडर 72 का कार्ड खेलकर कट में प्रवेश करने में सफल रहीं। प्रणवी ने शुरुआती दौर में पार 73 का कार्ड खेला था। 36 होल का खेल पूरा होने के बाद वह कुल एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 58वें स्थान पर हैं। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता प्रणवी ने दूसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाईं। कट भी एक अंडर के स्कोर पर तय हुआ, जिसमें 67 खिलाड़ियों ने जगह बनाई। शुरुआती दो दौर के खेल के बाद 20 वर्षीय स्थानीय खिलाड़ी लिकी जेंग 12 अंडर पार के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं।

वेस्टइंडीज के खिलाफ हसन महमूद ने चटकाए 6 विकेट



सिलहट। बांग्लादेशी तेज गेंदबाज हसन महमूद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 6 विकेट चटकाए। इसी के साथ हसन ऑस्ट्रेलियाई स्टार नाथन लियोन के बाद ऐसे दूसरे गेंदबाज बन गए, जिन्होंने अपने पहले पांच 'फाइव-विकेट हॉल' पांच अलग-अलग देशों में लिए। हसन महमूद ने सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में जारी इस मुकाबले में 24 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 90 रन देकर 6 शिकार किए। इस दौरान एक ओवर मेडन निकाला। टेस्ट क्रिकेट में यह महमूद का पांचवां 'फाइव-विकेट हॉल' है। महमूद ने साल 2024 में रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ 43 रन देकर 5 शिकार किए थे, जबकि साल 2024 में चेन्नई में भारत के विरुद्ध 83 रन देकर 5 विकेट चटकाए।

आर्यवीर का धमाका, इंडिया अंडर-19 ने नेपाल को हराया



एजेंसी ▸▸ अल अमेरत

आर्यवीर सहवाग और लक्ष्य रायचंदानी के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारतीय टीम ने अंडर-19 एशिया कप एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में नेपाल को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी।

ईशान सूद (18 रन देकर 3 विकेट) और अर्जुन राजपूत (8 रन देकर 3 विकेट)) की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ने नेपाल को 42.3 ओवर में 128 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद दिग्गज भारतीय खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर (नाबाद 70) और रायचंदानी (नाबाद 53) ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया। भारत ने केवल 19.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के 129 रन बनाकर 185 गेंद शेष रहते जीत हासिल की और इस तरह से अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की टीम का स्कोर एक समय चार विकेट पर 51 रन था। उसकी तरफ से दर्श सोनार ने 43 रन और आशीष लूथर के 29 रन का योगदान दिया। सूद ने नेपाल के शीर्ष क्रम को झकझोरा जबकि राजपूत ने पुछल्ले बल्लेबाजों को नहीं टिकने दिया।

आर्यवीर ने की आक्रामक बल्लेबाजी

भारत जब बल्लेबाजी के लिए उतरा तो रायचंदानी ने शुरू में तेजी दिखाई लेकिन इसके बाद आर्यवीर ने अपने आक्रामक तेवरों का शानदार नजारा पेश किया। उन्होंने 52 गेंद की अपनी पारी में 7 चौके और 4 छक्के लगाए। रायचंदानी 63 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 53 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत अपना अगला मैच रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा वनडे आज

युवा पेसरों के दम पर सीरीज में बढ़त दोगुनी करने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▸▸ वेलिंगटन

भारत के अनुभवहीन लेकिन प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज शनिवार को दूसरे वनडे में चौतरफा आक्रमण से न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बनाकर श्रृंखला में भारत की बढत दुगुनी करने के इरादे से उतरेंगे।

श्रृंखला से पहले भारत के तेज गेंदबाजों की अनुभवहीनता पर काफी सवाल उठे थे लेकिन गुरनूर बराड़, अंशुल कम्बोज और अर्शदीप सिंह ने पहले मैच में यादगार प्रदर्शन करके सभी की धारणा बदल दी।

भारतीय गेंदबाजों को डालनी होगी 'फुललैंग्थ'

अभी तक हरफनमौलाओं के चयन पर जोर देने वाले मुख्य कोच गौतम गंभीर की पसंद भी इससे बदलती नजर आ रही है। ईडन पार्क की बाउंड्री छोटी और सीधी थी लेकिन यहां सीमारेखा छोटी होने के बावजूद आकार चौकोर है, जिसके कारण तेज गेंदबाजों को अपनी लैंग्थ में बदलाव करना होगा। अर्शदीप सिंह की अगुवाई में भारतीय तेज गेंदबाजों ने आकलैंड में मेजबान टीम पर दबाव बनाया लेकिन यहां मैदान के आकार को देखते हुए उन्हें 'फुललैंग्थ' गेंद डालनी होगी।





कम्बोज को टेस्ट का मिला फायदा

अर्शदीप ने पहले मैच में सबसे ज्यादा विकेट लिए लेकिन कम्बोज ने 46 डॉट गेंद डाली। उन्होंने लगातार टेस्ट मैच वाली लैंग्थ से गेंदबाजी की, जिसका फायदा मिला। ईडन पार्क में अर्शदीप और आकिब नबी ने गेंदबाजी का आगाज किया लेकिन कम्बोज की गेंदों को मिल रही मूवमेंट को देखते हुए उन्हें नई गेंद सौंपी जा सकती है । चारों तेज गेंदबाजों में पहले मैच में सिर्फ नबी को विकेट नहीं मिला। उनकी जगह मोहम्मद सिराज को उतारा जा सकता है बशर्ते वह उपलब्ध हों।

बल्लेबाजों को करना होगा प्रदर्शन में सुधार

फील्डिंग कोच शुभदीप घोष ने कहा, 'मुझे नहीं पता , यह टीम प्रबंधन तय करेगा।' बल्लेबाजी में रोहित शर्मा अच्छी पारी खेलना चाहेंगे, जो पहले मैच में पहले ओवर में ही आउट हो गए थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उन्होंने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया था। विराट कोहली ने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया और अपनी मर्जी से बाउंड्री लगाकर भारत को लक्ष्य का पीछा करके जीत दिलाने में मदद की। बाकी भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि शॉर्ट गेंद ने परेशान किया और उन्हें प्रदर्शन में सुधार करना होगा। श्रेयस अय्यर कई शॉर्ट गेंद का सामना करने के बाद सस्ते में आउट हो गए।

कोंवे सीरीज से बाहर केली टीम में



वेलिंगटन। भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दौरान न्यूजीलैंड को करारा झटका लगा जब उसके आक्रामक बल्लेबाज डेवोन कोंवे को अभ्यास के दौरान सिर में चोट लगने (कनकशन) के कारण बाकी मैचों से बाहर हो गए। कोंवे को पहले वनडे से पूर्व लंबी चोट के कारण आकलैंड में अस्पताल ले जाना पड़ा था। बाएं हाथ के बल्लेबाज निक केली को उनकी जगह शनिवार को होने वाले दूसरे मैच में टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने यह जानकारी दी। फील्डिंग के दौरान कोंवे की टक्कर मैट हेनरी से हुई थी हालांकि हेनरी कनकशन से बच गए हैं और चयन के लिए उपलब्ध हैं।

लंदन ओपन : क्वार्टर फाइनल में सेंथिलकुमार



लंदन। भारत के वेलावान सेंथिलकुमार ने लंदन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने पराग्वे के 124वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को मारकांटोनियो को 11-5, 11-7, 14- 12 से हराया। अब उनका सामना दुनिया के 99वें नंबर के खिलाड़ी आमिर खालिद जोसेलिन से होगा। भारत के 167वीं रैंकिंग वाले अयान वाजिराली पहले दौर में ऊंची रैंकिंग वाले बेन स्मिथ से हार गए।

यूईएफए यूरोपा लीग : ओलंपिक मार्सिले ने बायर लेवरकुसेन को दी शिकस्त

एजेंसी ▸▸ बर्लिन

अमीन गौरी के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से ओलंपिक मार्सिले ने यूईएफए यूरोपा लीग में बायर लेवरकुसेन पर 1-0 से जीत हासिल की। मेहमान टीम ने बेएरिना में बेहतर शुरुआत की।

गौरी ने पेनल्टी एरिया के अंदर एक लंबे पास को नियंत्रित करने और अपने मार्कर से बचने के बाद शुरुआती मौका गंवा दिया, लेकिन गोलकीपर मार्क फ्लेकेन ने उसे रोक दिया। पहले हाफ में दोनों टीमों में से किसी ने भी लगातार आक्रामक खेल का प्रदर्शन नहीं किया। मेजबान टीम 42वें मिनट में गोल करने के सबसे करीब पहुंची जब मिगुएल गुटिरेज का डिफ्लेक्टेड शॉट क्रॉसबार से टकराया। इसके बाद हाफटाइम से पहले जेरेल क्वांसाह का शॉट थोड़ा वाइड चला गया।



बैडमिंटन

युवा ओलंपिक : 15 साल की तन्वी ने जीती चांदी



एजेंसी ▸▸ इकार

भारत की तन्वी पात्री युवा ओलंपिक की एकल स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई, जिन्हें फाइनल में चीन की झांग यि शिन ने हराया।

1 घंटा और 22 मिनट तक चले मुकाबले में 15 साल की तन्वी को मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन ने 15-21, 21-13, 26-24 से हराया। तन्वी ने कहा,' यह उपलब्धि मेरे लिए काफी मायने रखती है और इससे आगे अच्छा खेलने की प्रेरणा मिलेगी।' तन्वी से पहले भारत के एचएस प्रणय (2010) और लक्ष्य सेन (2018) ने युवा ओलंपिक में रजत पदक जीता है।

■ रजत पदक जीतने वाली बनीं पहली भारतीय महिला शटलर

भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा,'तन्वी पात्री ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे देश को गौरवान्वित किया है। पंद्रह वर्ष की उम्र में रजत पदक जीतना असाधारण उपलब्धि और पूरे देश के लिये गर्व का पल है।'

आज से भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच चार दिवसीय मैच

टेस्ट सीरीज से पहले लय तलाशेंगे बुमराह-जडेजा

एजेंसी ▸▸ लिंकन

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा के साथ अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले भारत ए की तरफ से खेलते हुए शनिवार से शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम चार दिवसीय मैच में अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेंगे।

बुमराह ने अपना आखिरी मैच एशियाई खेलों के फाइनल के रूप में 3 अक्टूबर को खेला था। इसके बाद उन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत टी20 और मौजूदा वनडे श्रृंखला के लिए टीम में नहीं रखा गया था। वेलिंगटन में 19 नवंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले बुमराह न्यूजीलैंड ए के खिलाफ मैच में यहां की परिस्थितियों से अवगत होने की पूरी कोशिश करेंगे।



चोट से पूरी तरह उबर चुके प्रसिद्ध

भारत ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला को काफी महत्व दिया है और इसलिए उसके कई सीनियर खिलाड़ी न्यूजीलैंड ए के खिलाफ श्रृंखला में खेल रहे हैं। इससे उन्हें यहां की हवादार और ठंडी परिस्थितियों के अनुकूल होने का मौका मिला है। हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबर चुके प्रसिद्ध को भी टेस्ट क्रिकेट के लिए टीम में बरकरार रखा गया है। उन्होंने अपना आखिरी मैच 30 सितंबर को गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे के रूप में खेला था।

न्यूजीलैंड पहुंचे जडेजा

सौराष्ट्र के लिए दो रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के बाद जडेजा न्यूजीलैंड पहुंचे हैं। उन्होंने इन दो मैच में 7 विकेट लिए और एक शतक बनाया। वनडे टीम में जगह नहीं बना पाने वाले जडेजा रणजी ट्रॉफी की अपनी फॉर्म को यहां भी बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। इस श्रृंखला के पहले दो मैच ड्रॉ रहे थे।

शानदार फार्म में पडिक्कल और जुरेल

देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल इस श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। यशस्वी जायसवाल ने हैगली ओवल में खेले गए पिछले मैच में नाबाद 155 रन की पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। पहले मैच के बाद वनडे टीम से बाहर किए गए ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी को भी लाल गेंद से खेलने का कुछ समय मिलने की उम्मीद है। पिछले दो मैचों में पिचें बल्लेबाजी के लिए अनुकूल साबित हुईं।

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर पर जा पहुंची

राष्ट्रीय राजधानी की हवा में घुला जहर, ग्रैप-3 लागू, राज्य सरकार ने वायु प्रदूषण रोकने के लिए लगाए कई प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता के गंभीर स्तर पर पहुंचने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत स्टेज 3 के उपाय लागू करने की घोषणा की है। यह कदम तब उठाया जाता है जब एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 401 से 450 के बीच पहुंच जाता है, जिसे 'गंभीर' श्रेणी माना जाता है।

450 पहुंचा प्रदूषण का स्तर



कई गैर-जरूरी गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध

- गैर-आवश्यक निर्माण और तोड़फोड़ कार्य पूरी तरह बंद रहेंगे।
- स्टोन क्रशिंग और खनन गतिविधियों पर भी रोक लगाई गई है।
- इन गतिविधियों को वायु प्रदूषण का बड़ा कारण माना जाता है।

स्टेज 3 लागू होने पर दफ्तरों में ये होगा बदलाव

- ग्रैप स्टेज 3 के तहत सरकारी, नगर निगम और निजी कार्यालयों में कामकाज सीमित कर दिया गया है।
- दफ्तरों में सिर्फ 50 प्रतिशत स्टाफ को ही फिजिकली आने की अनुमति होगी
- बाकी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने की सलाह दी गई है
- इसका उद्देश्य रोजाना की आवाजाही कम कर प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करना है।
- निर्माण और औद्योगिक गतिविधियों पर भी रोक लगाई गई है।

वाहनों पर ये पाबंदियां लागू होंगी

पुराने वाहनों की आवाजाही पर सख्त नियंत्रण

- बीएस-3 पेट्रोल और 4 डीजल चार पहिया वाहनों पर रोक।
- यह पाबंदी दिल्ली के साथ-साथ गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में भी लागू होगी।
- पुराने डीजल मालवाहक वाहनों की दिल्ली में एंट्री भी प्रतिबंधित कर दी गई है।

दिल्ली सरकार का फैसला



स्कूलों में आउटडोर एक्टिविटी पर लगी रोक बच्चों को मास्क पहनने की सलाह

दिल्ली के कई स्कूलों में सुबह की प्रार्थना सभा और खेलकूद जैसी बाहरी गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। बच्चों को प्रदूषित हवा से बचने के लिए मास्क पहनने की सलाह दी जा रही है।

प्रदूषण से जुड़ी याचिका पर बोला सुप्रीम कोर्ट

उम्मीद है आप मौसम का मजा ले रहे होंगे



सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच चुके वायु प्रदूषण के संकट से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि पराली की खरीद कीमत पहले ही घोषित कर दी जानी चाहिए और इसके प्रबंधन की व्यवस्था ग्राम पंचायतों को दी जानी चाहिए।

दिल्ली के प्रदूषण में पराली का योगदान 14 प्रतिशत

वरिष्ठ वकील और अदालत में 'एमिकस क्यूरी' अपराजिता सिंह ने कहा कि वायु प्रदूषण का स्तर अभी भी 'गंभीर' श्रेणी के आसपास बना हुआ है। यहां हवा हर दिन 30 सिगरेट पीने के बराबर है। पराली जलाने का योगदान 14 प्रतिशत है।

अकेले पराली जिम्मेदार तो वाहन प्रदूषण का क्या?

बेंच ने पूछा कि वायु प्रदूषण के इतने गंभीर स्तर के लिए क्या अकेले पराली को दोष दिया जा सकता है। यहां वाहन प्रदूषण को समस्या नहीं बताई जा रही।

खबर संक्षेप

दिल्ली में गांधी नगर का कपड़ा मार्केट जला

गांधीनगर। यहां के शांति मोहल्ला स्थित कपड़ा मार्केट में शुक्रवार को आग लगने की घटना सामने आई।



आग की लपटें उठती देख बाजार में मौजूद दुकानदारों और स्थानीय लोगों में हलचल बढ़ गई। दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। आग को नियंत्रित करने के प्रयास में जुटे हैं। आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

कर्मभूमि एक्सप्रेस में लगी आग, 4 डिब्बे जले

पटियाला। अमृतसर की ओर आ रही कर्मभूमि एक्सप्रेस के 4 जनरल कोचों में शुक्रवार दोपहर आग लग गई।



ट्रेन नंबर 12508 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी दोपहर 12:58 बजे फतेहगढ़ साहिब जिले के साधुगढ़ रेलवे स्टेशन से रवाना हुई थी। कुछ ही समय बाद राजपुरा के नजदीक ट्रेन के जनरल कोचों में आग लग गई। इससे यात्रियों में चीख-पुकार शुरू हो गई।

पेरियार नॉलेज वर्ल्ड की खरीद में घोटालाः विजय

चेन्नई। तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कोयंबटूर में



'पेरियार नॉलेज वर्ल्ड' के लिए किताबें खरीदने में पिछली डीएमके सरकार के दौरान भ्रष्टाचार हुआ था। प्रोफेसर पेरुमल मुरुगन ने पर्दाफाश किया है और उनकी तारीफ की जानी चाहिए। डीएमके को भ्रष्टाचार की जड़ बताते हुए कहा वह भ्रष्टाचार में डूबी रहती है।

ट्रक की चपेट में पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, 5 की मौत

सीतापुर। जिले के पिसावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिहानी मार्ग पर कुलहाघाट के पास शुक्रवार को



एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मुंडन संस्कार से लौट रहे लोगों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से आ रहे एक बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

हॉस्टल की छठी मंजिल से कूदा बीटेक का छात्र

गाजियाबाद। यूपी के गाजियाबाद स्थित नंदग्राम थाना क्षेत्र में मेरठ रोड स्थित आरके गोयल इंस्टीट्यूट



ऑफ टेक्नोलॉजी के हॉस्टल में शुक्रवार सुबह बीटेक प्रथम वर्ष के छात्र की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। 18 वर्षीय छात्र ने हॉस्टल की छठी मंजिल से छलांग लगा दी। उसे संजयनगर स्थित यशोदा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने जनता से अपील, 65 से ज्यादा सीटें जिताएं

कांग्रेस ने चीन के डर से सड़कें नहीं बनवाई, हमने सीमा की सुरक्षा की

देहरादून में शाह ने विपक्ष पर किया प्रहार



एजेंसी ▶▶ देहरादून

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड की जनता से अगले साल की शुरुआत में प्रस्तावित राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा को 65 से अधिक सीटें जिताकर लगातार तीसरी बार पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा उत्तराखंड को सुरक्षित, समृद्ध और देश की सांस्कृतिक राजधानी बनाना चाहती है। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के तहत 1,475.31 करोड़ की 62 योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर परेड ग्राउंड में शाह ने कहा कि असम, गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश, गोवा और महाराष्ट्र में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर हैट्रिक लगा चुकी है। अब उत्तराखंड की बारी है। उन्होंने कहा कि 2017 में जब मैं पार्टी का अध्यक्ष था, तब आपने 46 प्रतिशत वोट देकर भाजपा को 57 सीटें दी थीं। 2022 में 44 प्रतिशत वोट के साथ 47 सीटें दीं। लेकिन इस बार इससे काम नहीं चलेगा। हमें 65 पार का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना है। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने चीन के डर से सड़कें नहीं बनवाई। हमने सीमा की सुरक्षा की।

राज्य स्थापना दिवस समारोह में 1,475.31 करोड़ की 62 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

कांग्रेस ने राज्य को 'मनीऑर्डर अर्थव्यवस्था' और पलायन के भरोसे छोड़ा था

शाह ने कहा कि भाजपा इस सीमांत राज्य को सुरक्षित, समृद्ध और देश की सांस्कृतिक राजधानी बनाना चाहती है। इन तीनों उद्देश्यों के लिए हमें आपका जनादेश और आशीर्वाद चाहिए। शाह ने आरोप लगाया कि उसने वर्षों तक उत्तराखंड को 'मनीऑर्डर अर्थव्यवस्था' और पलायन के भरोसे छोड़ दिया। कोई काम नहीं किया।



समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री अमित शाह का सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्वागत किया

अब देश के साथ कोई दुस्साहस नहीं करेगा

शाह ने कहा कि भारत के साथ दुस्साहस करने वालों को केंद्र सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'सर्जिकल स्ट्राइक' के जरिए उनके घर में घुसकर जवाब दिया। उन्होंने कांग्रेस पर आतंकवाद को रोकने में विफल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने इसे समाप्त करने की दिशा में कठोर कदम उठाए हैं। शाह ने 'वाइब्रेंट विलेज' योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने सीमावर्ती गांवों को देश का पहला गांव माना है।

कांग्रेस निकाल रही 'घुसपैठिया बचाओ' यात्रा

एसआईआर को लेकर कांग्रेस के विरोध पर शाह ने कहा कि राहुल गांधी की 'वोट बचाओ यात्रा' वास्तव में 'घुसपैठिया बचाओ' यात्रा है। उन्होंने कांग्रेस पर घुसपैठ को बढ़ावा देने, तुष्टीकरण की राजनीति करने, शुक्रवार की नमाज के लिए छुट्टी का प्रस्ताव लाने, राम मंदिर का विरोध करने, भ्रष्टाचार और घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया।

राज्य में यूसीसी लागू किया

शाह ने दावा किया कि भाजपा ने 10 वर्षों में जनता को भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है। यूसीसी पर उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू होने के बाद प्रदेश में किसी को 4 शादियां करने या 'तीन तलाक' के जरिए किसी महिला का अपमान करने की अनुमति नहीं है।

धामी सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए लगातार काम कर रही

शाह ने प्रदेश में केंद्र सरकार की विभिन्न परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। इनमें दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारा, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना और केदारनाथ एवं हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजनाएं शामिल हैं। केंद्र में मोदी और प्रदेश में धामी सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए लगातार काम कर रही हैं।

कांग्रेस मुस्लिम विश्वविद्यालय की वकालत करेगी

शाह ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो मुस्लिम विश्वविद्यालय की वकालत करेगी, जबकि भाजपा सरकार अवैध मजारों और मदरसों को हटाकर प्रदेश को अतिक्रमण से मुक्त करेगी। उन्होंने लोगों से कहा कि उन्हें तय करना है कि उन्हें भाजपा की विकास करने वाली सरकार चाहिए या भ्रष्टाचार करने वाली सरकार। शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में भाजपा कार्यकर्ता उत्तराखंड के नागरिकों से घर-घर जाकर संपर्क करेंगे।

वोटर लिस्ट से नाम कटने वालों को राहत

दोबारा फॉर्म भरने का मिलेगा मौका, ईसी ने प्रक्रिया सरल की

राहत उन्हें मिलेगी, जिन्हें गणना फॉर्म जारी किए गए थे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जिन मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल नहीं हो पाए हैं, उन्हें चुनाव आयोग ने एक और मौका देने का फैसला किया है। यह राहत उन लोगों को मिलेगी, जिन्हें गणना फॉर्म जारी किए गए थे, लेकिन अनुपस्थित, दूसरी जगह शिफ्ट होने, मृत या डुप्लीकेट दर्ज किए जाने के कारण उनके नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में नहीं आ सके। आयोग ने ऐसे मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए नई व्यवस्था तय की है। आयोग ने शुक्रवार को इस संबंध में दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना और नगालैंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए। आयोग ने कहा है कि ऐसे सभी मतदाताओं को अपना नाम जुड़वाने के लिए एक और अवसर दिया जाए। इसके लिए बूथवार सूची तैयार होगी और संबंधित मतदान केंद्रों के साथ पंचायत भवनों, शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों और ब्लॉक विकास अधिकारियों के कार्यालयों में भी प्रदर्शित की जाएगी।

बीएलओ घर-घर पहुंचेंगे, ऑनलाइन भी दे सकेंगे फार्म

जिन मतदाताओं के नाम एसडीडी श्रेणी में दर्ज हैं, उन्हें गणना फॉर्म दोबारा जमा करने का अवसर मिलेगा। जिन लोगों के फॉर्म अधूरे हैं, उनके लिए भी नई व्यवस्था की गई है। संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के डैशबोर्ड पर ऐसे फॉर्म दोबारा तैयार किए जाएंगे। बीएलओ मतदाताओं तक फॉर्म पहुंचाने के लिए घर-घर जाएंगे और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों की भी मदद लेंगे। जहां संपर्क की जानकारी उपलब्ध होगी, वहां वॉट्सएप, ईमेल और एसएमएस के जरिए भी फॉर्म भेजे जा सकेंगे। मतदाता अपने पुराने ईपीआईसी नंबर से वेबसाइट पर फॉर्म डाउनलोड करके भर सकते हैं।

फार्म जमा न करने का कारण बताना होगा


आयोग ने उन मतदाताओं के लिए अलग प्रक्रिया तय की है, जो अपने पुराने पते पर ही रह रहे हैं। ऐसे लोगों को भरा हुआ और हस्ताक्षर किया गया गणना फॉर्म जमा करना होगा। इसके साथ उन्हें यह बताना होगा कि पहले फॉर्म क्यों जमा नहीं हो पाया था। इसके लिए आयोग ने अनुलग्नक-बी का प्रारूप दिया है। मतदाता इसे संबंधित ईआरओ, सहायक ईआरओ या बीएलओ को खुद या परिवार के किसी सदस्य के जरिये सौंप सकते हैं। इसे ईसीआईनेट पर ई-साइन के साथ जमा करने की सुविधा भी होगी।

हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

बीएसई व अमिताभ बच्चन का बंगला भी निशाने पर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बम की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में अलर्ट हो गई हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट को ईमेल भेजकर बम से



उड़ाने की धमकी दी गई है। इस ईमेल में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज , वर्ली रेसकोर्स और बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को भी निशाना बनाने की बात कही गई है। मुंबई में बच्चन के 2 बंगले हैं। एक प्रतीक्षा और दूसरा जलसा।

पुलिस ई-मेल भेजने वाले को तलाश रही

धमकी भरे ईमेल में मुंबई की चार प्रमुख जगहों का जिक्र किया गया है। मुंबई पुलिस और दूसरी सुरक्षा एजेंसियां ईमेल भेजने वाले का पता लगाने में जुटी हैं। जांच का मुख्य मकसद यह पता करना है कि धमकी किसने भेजी और इसके पीछे क्या मंशा है। पुलिस ने फिलहाल विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है। जांच जारी है और आगे की जानकारी मिलने का इंतजार है।

झारखंड के खूंटी में सड़क हादसा

स्कूटी सवार को बचाने दौड़े लोगों को ट्रेलर ने रौंद दिया, 7 की मौत

एजेंसी ▶▶ खूंटी

झारखंड के खूंटी जिले से रोंगटे खड़े कर देने वाला दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। कर्रा थाना



क्षेत्र स्थित कोशांबी कॉलोनी के पास गुरुवार रात एक बेकाबू 18 चक्का ट्रेलर ने सड़क पर मौजूद लोगों को बुरी तरह रौंद दिया। दुर्घटना में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रधानमंत्री, सीएम ने की आर्थिक मदद की घोषणा

रात करीब सवा 10 बजे एक स्कूटी सवार सड़क किनारे झाड़ियों में गिर गया था। शोर सुनकर ग्रामीण बचाने के लिए घरों से बाहर निकले। कुछ युवक झाड़ी में फंसे स्कूटी सवार को बाहर निकालने में जुटे थे। तोरपा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे अनियंत्रित ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़े 9 लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आर्थिक मदद की घोषणा की है।

हर शुक्रवार को फूड स्टॉक पोर्टल पर स्टॉक की जानकारी देनी होगी

देश भर में चावल और धान के स्टॉक का खुलासा करना अनिवार्य किया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार भारत सरकार खाद्य अनाजों, विशेष रूप से चावल की कीमतों पर कड़ी नजर रख रही है। सरकार घरेलू स्तर पर पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने, कीमतों में स्थिरता बनाए रखने, जमाखोरी रोकने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने कई नीतिगत कदम उठा रही है। चावल और धान का स्टॉक रखने वाली सभी इकाइयों को हर शुक्रवार को फूड स्टॉक पोर्टल



एआई इमेज

पर अपने स्टॉक की जानकारी देनी होगी। यह सुनिश्चित करना होगा कि जानकारी सटीक हो। उसे नियमित रूप से अपडेट किया जाए। यदि कोई इकाई पोर्टल पर पंजीकृत नहीं पाई जाती है या निर्धारित स्टॉक सीमा का उल्लंघन करती है, तो उसके खिलाफ उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

दक्षिणी राज्यों में स्टॉक सीमा लागू करने के लिए सहमति

उपभोक्ताओं को उचित कीमतों पर चावल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, विशेष रूप से दक्षिणी राज्यों में, भारत सरकार ने 6 नवंबर के अपने पत्र के माध्यम से आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना की राज्य सरकारों को धान और चावल पर स्टॉक सीमा लागू करने की सहमति दे दी है। राज्य सरकारें आवश्यकतानुसार उचित नियंत्रण आदेशों के जरिए ये सीमाएं लागू कर सकती हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा- संविधान सर्वोपरि

कांग्रेस की केरलम इकाई पर क्यों न कार्रवाई की जाए?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता 'राजनीतिक सुविधा' का विषय नहीं है और इसी के साथ उसने (सीजेआई) सूर्यकांत को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर की गयी एक पोस्ट को लेकर केरलम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के सभी पदाधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि संविधान सर्वोच्च है और कोई भी व्यक्ति या राजनीतिक संगठन इससे ऊपर नहीं है। पीठ ने कहा किफैसलों की हमेशा आलोचना की जा सकती है। लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता न्याय प्रशासन में हस्तक्षेप करने के लिए डराने-धमकाने का माध्यम नहीं बन सकती।

राज्य के सभी पदाधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी किया

आज बातें

- जवाब दे राज्य सरकार
- न्याय क्षेत्र को कमजोर कर रहे
- कोई भी संविधान के ऊपर नहीं हो सकता

कोर्ट के अधिकार को किसी के भी समर्थन की जरूरत नहीं

कोई व्यक्ति कितने भी ऊंचे पद पर क्यों न हो, अदालत के



अधिकार को कमजोर करने की किसी भी कोशिश से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि अदालत के अधिकार को किसी राजनीतिक समर्थन की जरूरत नहीं है, बल्कि यह कानून के शासन पर आधारित है। जहां न्याय प्रशासन की व्यवस्था स्थापित है, वहां कानून को अपना काम करना चाहिए।

केरल कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बिना शर्त माफी मांगी

माफी या अवमानना से जुड़े हालिया मामलों में सीधा संबंध कर्नाटक या कांग्रेस से यह है कि प्रदेश कांग्रेस



कमेटी ने सीजेआई के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई एक आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी है। केरल कांग्रेस के एक्स से सीजेआई के खिलाफ एक पोस्ट की गई थी। नोटिस जारी किए जाने के बाद, केरल कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बिना शर्त माफी मांगी है।

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

ओबीसी क्रीमी लेयर तय करने में सिर्फ सैलरी नहीं होगी आधार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण के तहत क्रीमी लेयर निर्धारित करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि किसी अभ्यर्थी को क्रीमी लेयर में रखने या उससे बाहर करने का फैसला केवल उसके माता-पिता की आय, विशेषकर वेतन के आधार पर नहीं किया जा सकता। इसके लिए माता-पिता का पद, सामाजिक स्थिति और आर्थिक परिस्थितियों सहित अन्य प्रासंगिक मानकों को भी देखना होगा।

माता-पिता का पद सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों को भी देखना होगा

सिविल सेवा 2025 के आवंटन पर पड़ेगा असर

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सिविल सेवा परीक्षा 2025 का परिणाम 6 मार्च को घोषित हो चुका है, लेकिन अभी तक अभ्यर्थियों को सेवाओं का अंतिम आवंटन नहीं हुआ है। इसलिए इस प्रक्रिया में सिद्धांत लागू होंगे। इसका असर आवंटन पर पड़ेगा।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in